तापमान

अधिकतम 36.6 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026



सिम्स में मरीजों की लगी रही भीड़।



## खबर संक्षेप

### दो दिनी अरपा बचाओ अभियान यात्रा आज से

**बिलासपुर।** बिलासा कला मंच द्वारा 11 अप्रैल से दो दिवसीय अरपा बचाओ अभियान यात्रा प्रारंभ राघवेंद्र राव सभा भवन से प्रारंभ किया जा रहा है। यह यात्रा मंगला, घुटकु होते हुए अरपा भैंसाझार जलाशय से चांपी जलाशय होते हुए अरपा उदगम स्थल अमरपुर पेंड्रा में समाप्त होगा। बिलासा कला मंच द्वारा पिछले 20 वर्षों से 'अरपा बचाओ अभियान' के माध्यम से जल संरक्षण का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। अमरपुर पेंड्रा (उदगम) से लेकर शिवनाथ नदी (संगम) मंगला पासीद तक की यह यात्रा अरपा और उसकी 40 सहायक नदियों के अस्तित्व को बचाने के लिए एक बड़ा कदम है। आज 11 अप्रैल को सुबह 8 बजे राघवेंद्र राव सभा भवन से अरपा बचाओ अभियान यात्रा दल रवाना होगा। यात्रा दल मंगला, घुटकु होते हुए अरपा भैंसाझार जलाशय से चांपी जलाशय होते हुए अरपा उदगम स्थल अमरपुर पेंड्रा में समापन होगा। 12 अप्रैल को पेंड्रा से खोडरी खोंगसरा, कोनचरा होते हुए बेलगहना और वह से रतनपुर यात्रा दल पहुंचेगा जहां नगर के प्रबुद्धजनों के साथ तालाबों के संरक्षण पर चर्चा तथा सफाई कार्य उपरांत सेंदरी,कोनी होते हुए शाम को बिलासपुर में समापन होगा। 11 अप्रैल को सुबह 8 बजे रवाना होने वाला यह दल समाज को नदियों और जल स्त्रोतों के प्रति अपनी जिम्मेदारी याद दिलाने का कार्य करते और समस्याओं को समझते हुए आगे बढ़ जाता है। इस अभियान में अरपा बचाओ यात्रा दल के संयोजक डॉ सोमनाथ यादव के साथ डा सुधाकर बिबे, राजेंद्र मौर्य, देवानंद दुबे, रामेश्वर गुप्ता, एम डी मानिकपुरी,अश्विनी पाण्डेयऔर अनूप श्रीवास शामिल हैं।

### कायस्थ समाज का शपथ ग्रहण समारोह कल

**बिलासपुर।** कायस्थ समाज के अध्यक्ष व अन्य कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 12 अप्रैल रविवार को लायंस क्लब भवन में शाम 6 बजे होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण केन्द्र मर्यादित बिलासपुर वृत्त के कार्यपालक निदेशक एके अम्बष्ठ, विशिष्ट अतिथि विनोद श्रीवास्तव, कायस्थ समाज के संरक्षक अनिल व्यास और अध्यक्षता कायस्थ समाज के अध्यक्ष आलोक वर्मा होंगे।

### भारतीय नगर मुक्तिधाम का कार्यक्रम स्थगित

**बिलासपुर।** भारतीय नगर मुक्तिधाम का सौंदरीकरण जीणोद्धार के उपरांत का 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे से आयोजित कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। बिलासपुर अग्रवाल सभा एवं अग्रवाल सेवा समिति मुक्तिधाम भारती नगर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अगली सूचना शीघ्र ही जारी की जाएगी।

### मेयर करेंगी प्याऊ घर का उदघाटन कल

**बिलासपुर।** सद्गुरू कबीर नव युवक मण्डल एवं कबीर पंथ समाज द्वारा पुराना हरिभूमि राजेन्द्र नगर के पास प्याऊ जल घर का उद्घाटन 12 अप्रैल रविवार को समय सुबह 10 बजे मेयर पूजा विधानी एवं समाज सेवी गर्जुनदास मानिकपुरी द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी राकेश मानिकपुरी ने दी।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती, आवेदन 23 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर अंतर्गत शहर के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 20 कुदूदंड माताचौरा के पास, 223 फोकट पारा कतियापारा, 111 निराला नगर कतियापारा एवं 124 लोधीपारा नाकापारा में सहायिका के 1-1 रिक्त पदों पर 23 अप्रैल तक वेबसाइट में जाकर आनलाइन आवेदन कर सकते है।

# 6 साल में देश में 11 एयरपोर्ट को मिला 4सी ग्रेड, बिलासपुर पिछड़ा

## उपेक्षा का दंश

## ग्रीन फील्ड की जमीन अधिग्रहित कर बनाया गया है एयरपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के लिए यह विडंबना है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उपयोगी चकरभाठा स्थित हवाई अड्डा सालों के बाद भी सर्वसुविधायुक्त एयरपोर्ट के लिए तरस रहा है, जबकि देश में ऐसी 11 जगहों पर ग्रीन फील्ड की जमीन पर नवीन एयरपोर्ट बनाए गए हैं, जिन्हें शुरूआत से ही 4 सी एयरपोर्ट का तमगा मिल चुका है और वहां से महानगरों तक उड़ान संभव हो रहा है।

■ एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया ने किया है निर्माण

जमीन, फंड और निर्माण एजेंसी जैसी छोटी-बड़ी समस्याओं के चलते चकरभाठा स्थित बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट 3 सी आईएफआर केटेगरी का एयरपोर्ट के तमगे से काम चलाया जा रहा है, जबकि देश के कई एयरपोर्ट हैं, जिनमें नवीन स्तर से निर्माण कार्य महज 3 सालों में पूरा कर 4सी केटेगरी का सर्वसुविधायुक्त एयरपोर्ट बनाया गया है। इनमें अयोध्या का एयरपोर्ट भी शामिल है, जहां महज 2 साल के भीतर भव्य एयरपोर्ट निर्माण किया गया है।

बिलासा एयरपोर्ट के लिए व्यवसायी परिचालन के शुरूआती दिनों से ही उपेक्षित रवैया रखा गया है और केन्द्र व राज्य सरकारों ने इसे विकसित करने को लेकर दोहरा रवैया अपनाया, जिसके चलते आज भी एयरपोर्ट को नाइट लैंडिंग की सुविधा होने के बाद भी रात्रिकालीन हवाई सुविधा शुरू नहीं हो सकती है। भले ही औपचारिक तौर पर इसका उद्घाटन किया गया है, पर रात के समय यात्री विमान अब तक नहीं उतर सका है।

### ग्रीन फील्ड पर बनाए गए 4सी एयरपोर्ट

| नाम | राज्य | क्षेत्र | पूर्णता |
|---|---|---|---|
| ✦ झारसुगुड़ा | उड़ीसा | 1102 एकड़ | 2018 पूर्ण |
| ✦ डोलो | असम | 997 एकड़ | 2018 पूर्ण |
| ✦ हीरासर | गुजरात | 1250 एकड़ | 2025 पूर्ण |
| ✦ कोटा | राजस्थान | 1250 एकड़ | अंडर डव्लपमेंट |
| ✦ धोलेरा | गुजरात | 1400 एकड़ | ऑनगोइंग |
| ✦ भोगापुरम | आंध्रप्रदेश | 2200 एकड़ | पूर्ण |
| ✦ पूरी | उड़ीसा | 1164 एकड़ | प्रस्तावित |
| ✦ नोएडा | उत्तरप्रदेश | 5000 एकड़ | फेस 1 पूर्ण |
| ✦ नवी मुंबई | महाराष्ट्र | 2866 एकड़ | 2025 पूर्ण |
| ✦ मोपा | गोवा | 2132 एकड़ | 2022 पूर्ण |
| ✦ कुशिनगर | उत्तरप्रदेश | 590 एकड़ | 2021 पूर्ण |



### एएआई बना सकता है 4 सी एयरपोर्ट

दरअसल जिन 11 जगहों पर 4 सी एयरपोर्ट बनाया गया है, वहां निर्माण एजेंसी एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया रही है। देश भर में एयरपोर्ट बनाने का काम भी एएआई को सौंपा जाता है, लेकिन बिलासा एयरपोर्ट राज्य सरकार के स्वामित्व की जमीन पर है। जिसे एएआई को नहीं दिया गया है, ऐसे में निर्माण में खामियां निकलना लाजमी है। खास बात यह है कि 11 जगहों पर जमीन अधिग्रहण कर निर्माण किया गया है, जिसमें समय लग सकता था, लेकिन इसके बावजूद एएआई ने निर्माण कार्य में अपनी क्षमता से अधिक कार्य कर समय अवधि में निर्माण पूरा कराया है, बिलासा एयरपोर्ट के मामले में साल 2021 से ही निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन यह पूरी तरह से किस्तों पर आधारित है, ऐसे में इसकी गुणवत्ता भी डीजीसीए और एएआई के मानकों के अनुरूप सटिक नहीं होती है।

### 15 दिनों के लिए अलायंस एयर ने जारी किया शेड्यूल

अलायंस एयर ने समर शेड्यूल जारी करने के बाद लगातार 3 बार फेरबदल कर दिया है। शेड्यूल के अनुसार 15 से 30 अप्रैल के बीच महज 15 दिनों के लिए नया शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

शेड्यूल के अनुसार कोलकाता, बिलासपुर, अंबिकापुर के लिए फ्लाइट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इन सिटी की फ्लाइट गुरुवार व शनिवार को उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही बिलासपुर- दिल्ली के लिए फ्लाइट हफ्ते में 4 दिन वाया अंबिकापुर और प्रयागराज होकर उड़ान भरेगी। दिल्ली से बिलासपुर के लिए हफ्ते में 3 सीधी उड़ान और 2 वापसी की उड़ान मिल रही है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने स्थाई रूप से समर शेड्यूल जारी करने की मांग की है। दिल्ली के लिए सातों दिन फ्लाइट प्रयागराज के लिए कम से कम दो दिन और हैदराबाद के लिए फ्लाइट की मांग पुनः बुलंद की।

## दो दर्जन से अधिक लोग हुए शिकार, अस्पताल में चल रहा इलाज

# कंपनी गार्डन में मधुमक्खियों ने मचाया आतंक शहीदी दिवस मनाने गए लोगों पर किया हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कंपनी गार्डन में शुक्रवार की सुबह मधुमक्खियों ने जमकर आतंक मचाया, यहां शहीदी दिवस मनाने के लिए एकत्रित और मार्निंग वाक करने वाले लोगों पर बौराई मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया, जिससे गार्डन में भागमभाग मच गई, लोग बचने के लिए दौड़ते रहे और मधुमक्खियां डंक मारती रहीं, कुछ ही देर में दो दर्जन लोग इनके शिकार हो गए, सभी पीड़ितों का सिम्स में इलाज चलता रहा।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह 9 बजे मार्निंग वॉक और शहीदी दिवस के लिए सिंधी समाज के लोग विवेकानंद कंपनी गार्डन में उपस्थित थे। इस दौरान कुछ लोगों ने स्पीकर में गाना शुरू कर दिया, वहीं सिंधी समाज के कुछ लोग आरती पूजा में व्यस्त थे। अचानक किसी असामाजिक तत्व ने मधुमक्खी के छत्ते से छेड़खानी कर दी, इससे बौराई मधुमक्खियां लोगों पर टूट पड़ीं, सुबह करीब 9 बजे तक गार्डन अच्छी खासी भीड़ रहती है, लेकिन मधुमक्खियों के आतंक से गार्डन में भगदड़ मच गई। लोग मधुमक्खियों से बचने के लिए भागते रहे। कुछ ही देर में पूरा गार्डन खाली हो गया। इस दौरान करीब 2 दर्जन लोगों को मधुमक्खी ने शिकार बनाया। डंक लगने से कई लोगों के मुंह, कान, शरीर के कई अंगों में सूजन आ गई है। कुछ लोग जान बचाने के लिए संतोष भवन, गोल बाजार, मिशन हास्पिटल रोड की ओर भागने लगे। ज्यादातर लोगों को सिम्स में भर्ती किया गया है। जहां उनका इलाज जारी है।

### आसपास के इलाके में दहशत का माहौल



मधुमक्खी के हमले से घायलों का सिम्स में चल रहा इलाज।

### इन लोगों को बनाया शिकार

दयाराम लालवानी, अमर कुमार रूपानी ने बताया कि तेज स्पीकर की आवाज के कारण मधुमक्क्खियां भड़क गईं और सैर सपाटे के लिए गए पहुंचे लोगों पर टूट पड़ी। वहीं दयाराम लालवानी, रूपा मंगोड़ा, कविता चावला ने बताया कि समाज के लोग पारंपरिक तरीके से हर साल शहीदी दिवस मनाते हैं। इस दौरान पूजा आरती की जा रही थी, तभी मधुमक्खियों ने हमला कर घायल कर दिया है। पीड़ितों में नरेश घेलानी, राम कुमार डोडवानी, अशोक टेकचंदानी, श्रीचंद नेहलानी सहित मसानगंज, सिंधी कालोनी, जरहाभाठा, सरकंडा के लोग शामिल हैं।

### शाम तक आतंकित रहे लोग

कंपनी गार्डन के अंदर मधुमक्खियों के आतंक से आसपास के व्यापारी भी भयभीत हो गए। गार्डन के सामने दर्जनों ठेले लगाए जाते हैं, कई खुली दुकानें, होटल आदि हैं। लोग शाम तक डरे सहमें चेहरे पर गमछे बांधकर व्यापार करते रहे, हालांकि दोपहर में मधुमक्खियों ने किसी को अपना शिकार नहीं बनाया।

## पॉस मशीन व स्टॉक में गड़बड़ी

# दो खाद दुकानों में 21 दिन बिक्री पर रोक



**बिलासपुर।** कृषि विभाग की उड़नदस्ता टीम द्वारा तखतपुर विकासखण्ड की दो खाद दुकानों पर छापा मारकर खाद वितरण में बड़ी गड़बड़ी पकड़ी गई है। खाद दुकानो में जॉच के दौरान पॉस मशीन और भौतिक स्टॉक में अन्तर पाया गया, जिसे बड़ी गड़बड़ी मानते हुए दोनों ही दुकानों में 21 दिनों के लिये खाद बेचने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

खरीफ सीजन में किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करनें तथा उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं वितरण में अनियमितता की जांच के लिए कृषि विभाग द्वारा जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। उड़नदस्ता दल के माध्यम से विकासखण्ड तखतपुर में संचालित कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मेसर्स किसान सेवा केन्द्र, तखतपुर पॉस मशीन स्टॉक यूरिया 750 बोरी एवं भौतिक रूप से यूरिया 550 बोरी पाया गया, उनके द्वारा 200 बोरी बिना पॉस मशीन के पाया गया। इसी तरह मेसर्स अमन कृषि केन्द्र गनियारी, पॉस मशीन स्टॉक यूरिया 1679 बोरी एवं भौतिक रूप यूरिया नहीं पाया गया। दोनो प्रतिष्ठानों में उर्वरक भण्डारण एवं वितरण का प्रतिवेदन नहीं भेजने, प्रतिष्ठान में उर्वरकों का स्कंध एवं दर प्रदर्शित नहीं करने के कारण, प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धाराओं का उल्लंघन करने के फलस्वरूप मेसर्स किसान सेवा केन्द्र तखतपुर एवं मेसर्स अमन कृषि केन्द्र गनियारी, को कारण बताओ नोटिस जारी कर आगामी 21 दिवस के लिए विक्रय पर प्रतिबंध लगाने की कार्यवाही की गई है। ज्ञात हो कि बीते दिनों मस्तूरी क्षेत्र के जोंधरा में भी कृषि विभाग की टीम के द्वारा छापामार कार्रवाई करते हुए दोषी पाए गए दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी।

### की जा रही है जांच

खरीफ सीजन के दौरान किसानों को किसी भी तरह से खाद मिलने में परेशानी न हो साथ ही खाद की कालाबाजारी भी न की जा सके। इस बात का ध्यान रखते हुए सतत निरीक्षण व जांच की जा रही है। इसी के अंतर्गत दो दुकानों में अनियमितता पाए जाने पर दुकानों में 21 दिनों तक खाद की बिक्री प्रतिबंधित की गई है।

**- पीडी हथेश्वर,** डीडीए बिलासपुर

## सुबह से बिजली की आंखमिचौली, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग मेंटनेंस के लिए लगातार बिजली बंद रहा है। शुक्रवार को कई इलाकों की बिजली बंद रही,गर्मी का तापमान बढ़ने के कारण लोगों को भरी दोपहरी में हलाकान होना पड़ा। हालत यह है कि जहां मेंटनेंस के लिए बिजली बंद हो रही है, वहीं शाम को लोड बढ़ने के कारण ट्रीपिंग की समस्या आ रही है।



नेहरू नगर, गोल बाजार, मध्यनगरी चौक, सरजू बगीचा जैसे इलाकों में सुबह से ही बिजली बंद रही, इस दौरान हर आधे -आधे घंटे में बिजली बंद की जाती रही। यह सिलसिला सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक जारी रहा। बताया जा रहा है कि इस दौरान जेल चौक, लिंक रोड, मध्यनगरी के आसपास सड़क के किनारों में लगे पेड़ों की ट्रीमिंग की गई है। पेड़ों की कटाई और छटाई के चलते 11 केवी और एलटी लाइनों को बिजली विभाग ने बंद कर दिया था। शनिवार को भी गोलबाजार, सदर बाजार फीडर में सुबह 10 से 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

### सुहाना मौसम



शुक्रवार की शाम मौसम खुशनुमा हो गया।

## एमआईसी ने पास किया प्रस्ताव, सामान्य सभा के बाद शासन को भेजा जाएगा

# कारीछापर में सोलर प्लांट, मंगला में स्टेडियम के लिए बीसीसीआई को दी जाएगी जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम को दान मिली कारीछापर की जमीन पर सोलर संयत्र स्थापित किया जाएगा। इसी तरह मंगला में 12 एकड़ जमीन क्रिकेट ग्राउंड निर्माण के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआई को दी जाएगी। इन दोनों अहम प्रस्तावों पर शुक्रवार को मेयर इन कौंसिल एमआईसी की बैठक में मंजूरी दे दी गई है और अब यह प्रस्ताव सामान्य में रखा जाएगा, उसके बाद शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।



नगर निगम में आज शाम महापौर पूजा विधानी व निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे सहित सदस्यों की उपस्थिति में एमआईसी की बैठक हुई, जिसमें विभिन्न एजेंडों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिए गए। नगर निगम की बिजली बिल को कम करने एवं ऊर्जा संरक्षण के उद्देश्य से सोलर संयंत्र स्थापित करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इस संबंध में सीपत तहसील क्षेत्र में कारीछापर में देवकीनंदन ट्रस्ट नगर पालिक निगम के नाम पर दर्ज दान में प्राप्त 76.87 एकड़ भूमि है। इस जमीन का सीमांकन, चिहांकन भी राजस्व विभाग की टीम द्वारा किया गया है और सीपत तहसील ने सीमांकन रिपोर्ट भी नगर निगम को सौंप दी है। कारीछापर में एकचक भूमि तीन स्थानों पर उपलब्ध है। एकचक भूमि पर सोलर संयंत्र स्थापित किए जाने से नगर निगम को अनुमानित 50 से 75 प्रतिशत बिजली खपत में बचत होगी, जिसके लिए भारत सरकार एवं राज्य शासन से समन्वय स्थापित करते हुए कार्ययोजना तैयार किए जाने की स्वीकृति के साथ उक्त चिहांकित भूमि को 30 वर्ष की लीज में संबंधित एजेंसी से इकरारनामा कर आबंटन करने का प्रस्ताव एमआईसी में रखा गया था जिसे आज मंजूरी दे दी गई है।

### शासन को भेजा जाएगा क्रिकेट स्टेडियम का प्रस्ताव

क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआई को बिलासपुर शहर में क्रिकेट स्टेडियम निर्माण के लिए नगर निगम मंगला स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि में से 12 एकड़ भूमि मांग की गई है। इस मामले में नीतिगत निर्णय लेते हुए भूमि को बीसीसीआई को नियमानुसार लीज पर दिए जाने का प्रस्ताव व नियम शर्ते तैयार करने स्वीकृति दी गई है। उक्त भूमि का सात सदस्यीय टीम द्वारा निरीक्षण किया गया है और भूमि को क्रिकेट संघ बिलासपुर को लीज पर दिए जाने का प्रस्ताव नियम, शर्त, प्रब्याजी, भू-भाटक, किराया का विस्तृत प्रस्ताव आज एमआईसी में रखा गया था, जिसे मंजूरी दे दी गई है। यह मामला अब शासन को भेजा जाएगा और शासकी की स्वीकृति पश्चात 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित की जाएगी तथा अन्य नियम, शर्ते जो अनुबंध के समय लागू किए जाएंगे वह मान्य होगा। लीज अवधि समाप्त होने पर पुनः लीज 30 वर्ष के लिए बढ़ाई जाएगी।

### अतिक्रमण हटाने कोई निर्णय नहीं

पं. देवकीनंदन दीक्षित द्वारा नगर पालिक निगम को दान में दी गई कारीछापर स्थित जमीन के बड़े हिस्से में अतिक्रमण हो गया है। ग्रामीणों द्वारा दान ट्रस्ट की जमीन पर बेजा-कब्जा कर खेती की जा रही है। इसके अलावा इस भूमि पर बस्ती बस गई है जिसमें कच्चे, पक्के मकान बनाकर ग्रामीण रह रहे हैं। नगर निगम और राजस्व विभाग की टीम द्वारा पूरी जमीन का सर्वे सीमांकन किया गया है और रिपोर्ट भी आ गई है, किन्तु जमीन से अतिक्रमण हटाने के संबंध में कोई निर्णय नहीं हुआ है।

## खबर संक्षेप

### जिला उद्योग संघ की नई कार्यकारिणी और कमेटियों का गठन





**बिलासपुर।** जिला उद्योग संघ की वार्षिक चुनावी सभा का आयोजन 5 अप्रैल को सीएमडी चौक उद्योग भवन में आयोजित किया गया था। जिला उद्योग संघ के कार्यों को विस्तार देने एवं व्यवस्थित ढंग से कार्य करने नई कार्यकारिणी का एवं विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। इसमें जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष सतीश शाह ने नई कार्यकारिणी में शरद सक्सेना को महासचिव पद की महत्वपूर्ण पूर्ण जिम्मेदारी पुनः प्रदान की है। कोषाध्यक्ष राम सुखीजा, उपाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, एनएसराजू, पुष्पिंदर सिंह भाटिया, सुभाष अग्रवाल, महेश सुल्तानिया, सुनील सुल्तानिया, सचिव अंकुर अग्रवाल, योगेश गुप्ता, धमेंद्र पटेल, मनीष कश्यप, दिनेश शर्मा, शंकर मनचंदा, पूरण लाल सिदारा, किशोर पटेल, प्रकाश त्रिवेदी, मुकेश लालचंदानी, स्वप्निल अग्रवाल, मुकेश पमनानी, प्रवीण पटेल शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न कमेटियों में उद्योग विभाग समन्वय जीतेन्द्र गाँधी, विद्युत विभाग समन्वय तिफरा चंद्रशेखर नायक, नायक ट्राली, श्रीमीत मुरारका, बैंकर्स समन्वय विनोद अग्रवाल, प्रशासन समन्वय अरविन्द गर्ग, अनिल सलूजा, प्रचार प्रसार पवन नालोटीया, पर्यावरण कमेटी नरेश अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल, बिल्डिंग कमेटी बृजमोहन अग्रवाल एवं हरीश केडिया, शहरी क्षेत्र उद्योग प्रभार शशिकांत केसरी, के.सी.भरद्वाज, औ.प्र.सिरगिट्टी प्रभार संतोष सिंघानिया औ.प्र.सिलपहरी प्रभार बिहारी लाल अग्रवाल, जीवट लाल रोहरा औ.प्र.तिफरा प्रभार चंद्रकांत भट्ट, नरेश सिंघानिया, मनोरंजन कमेटी सुनील मारदा, अनुशासन कमेटी अनिल अग्रवाल, विद्युत कमेटी सुनील मारदा, राम सुखीजा, मुकेश मालघानी, मनीष कलरैया शामिल हैं।

### रमन यूनिवर्सिटी ने नीतेश को दी पीएचडी की उपाधि



बिलासपुर। डा.सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा ने नीतेश नेमा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। नीतेश नेमा ने कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विषय पर अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया, जिसमे उन्होंने विभिन्न सोशल मीडिया डेटा में सेंटीमेंट्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तकनीक के द्वारा पहचान की। इनके शोध निर्देशक सहायक प्राध्यापक डॉ. विवेक शुक्ला एवं डॉ. एस. आर. टंडन रहे। वे महेश कुमार नेमा एवं कल्पना नेमा के सुपुत्र हैं। वे एलसीआईटी में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

### मनमोहन को रमन विश्वविद्यालय ने दी पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा ने मनमोहन सिंह परिहार को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्हें यह उपाधि वाणिज्य विषय में उनके शोध प्रबंध छग राज्य में वन संरक्षण का आदिवासियों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में छग राज्य वन विकास निगम का योगदान बिलासपुर परियोजना मंडल के विशेष संदर्भ में दी गई। उन्होंने अपना शोध कार्य डा. राजीव एच पीटर्स के मार्गदर्शन में पूरा किया ।

### राजस्व पखवाड़ा शिविर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, सुनी समस्याएं



**बिलासपुर।** जिले में चल रहे राजस्व पखवाड़ा के तहत कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ग्राम गनियारी में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। उन्होंने मौके पर समस्याएं सुनकर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए और अधिकारियों को सक्रियता बढ़ाने को कहा।जिले में संचालित राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्राम गनियारी (उप तहसील गनियारी) में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विशेष रूप से राजस्व से जुड़े विभिन्न प्रकरणों के शीघ्र समाधान पर जोर दिया। साथ ही जल संचयन एवं संरक्षण के महत्व को बताते हुए ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए भी आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। शिविर में राशन कार्ड प्रतिवेदन, फौती नामांतरण, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र, तथा नाम त्रुटि सुधार से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई की गई। श्री अग्रवाल ने भरनी-परसदा में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### नक्सलवाद के खात्मे पर एबीवीपी ने निकाली शवयात्रा

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिलासपुर महानगर द्वारा देश में नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में मिली बड़ी सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रतीकात्मक रूप से नक्सलवाद की शवयात्रा निकाल कर शव दहन किया। इसके माध्यम से कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के अंत और देश में शांति एवं विकास के नए युग के आगमन का संदेश दिया। शवयात्रा स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय से प्रारंभ होकर पुराना बस स्टैंड के होते हुए शहीद अमर जवान चौक पहुंची जहां प्रतीकात्मक रूप से शव दहन कर अमर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में एबीवीपी कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारों के साथ नक्सलवाद के विरुद्ध अपनी एकजुटता और दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री हेमांशु कौशिक, बिलासपुर महानगर के मंत्री अतींद्र धर दीवान, हेमांशु कौशिक, अतिंद्र धर दीवान, अजय दुबे, रिशु साहू, वैष्णवी परसाई, अद्वैत, नैतिक, प्रेम, देवेश, तुषार, सुधांशु, प्रशुन, विपुल, दिव्यांशु, तेजस्वी, निखिल, झनकार, उत्तम, राहुल, मानसी, श्रेया, मीनाक्षी, जाह्नवी, अंशु आदि मौजूद थे।

---

**वसंत क्लब में आयोजन**

**एसईसीएल में तीसरे कोल इंडिया एचआर- आईआर कॉन्क्लेव 'उत्कर्ष 2026' का उद्घाटन**

# कोयला देश की ऊर्जा का आधार, कर्मचारी हमारी सबसे बड़ी शक्तिः कोल इंडिया चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल की मेजबानी में आयोजित दो दिवसीय कोल इंडिया एचआर- आईआर कॉन्क्लेव 'उत्कर्ष 2026' का उद्घाटन 10 अप्रैल को एसईसीएल वसंत विहार स्थित वसंत क्लब में किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन में कोल इंडिया एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी मानव संसाधन एवं औद्योगिक संबंधों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कोल इंडिया चेयरमैन बी. साईराम ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि कोयला देश की ऊर्जा का आधार है। हमारे कर्मचारी हमारी सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कोल इंडिया रिफार्म, परफार्म, ट्रांसफार्म के रूप में मना रहा है और इस विज़न को साकार करने में हमारे कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण है।




#### किसी भी संस्था के लिए उसके कर्मी ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी : सीएमडी

एसईसीएलके अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि एसईसीएल के लिए इस प्रतिष्ठित कॉन्क्लेव की मेजबानी करना अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था के लिए उसके कर्मी ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी होते हैं और उनके विकास एवं कल्याण के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। कोल इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि कोल इंडिया केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक पहचान है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि "जो जीता वही कोल इंडियन" और सभी को इस संगठन का हिस्सा होने पर गर्व होना चाहिए।

#### कोल इंडिया अपने कर्मियों को बेहतर सुविधाएं दे रहाः डा. रंजन

कॉन्क्लेव के कीनोट सत्र में मुख्य वक्ता कोल इंडिया के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. विनय रंजन ने कहा कि स्थापना के बाद से कोल इंडिया में व्यापक परिवर्तन आया है। आज संगठन अपने कर्मियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं प्रदान कर रहा है। उन्होंने कार्यस्थल पर संवाद और संवेदना को सुदृढ़ करने पर बल देते हुए कहा कि इससे बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं और हितधारकों की अपेक्षाओं को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकता है। उद्घाटन सत्र के दौरान कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों के निदेशक (मानव संसाधन), एसईसीएल के निदेशकगण तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संवाद सत्र के अंत में कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों की एचआर टीमों द्वारा नवाचारों पर प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। इस दो-दिवसीय सम्मेलन में कोल इंडिया एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों के 100 से अधिक मानव संसाधन अधिकारी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के दौरान देश के प्रतिष्ठित एचआर विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न सत्रों में अपने अनुभव एवं विशेषज्ञता साझा की जाएगी।

---

**महंगा पड़ रहा तीन महीने का एकमुश्त चावल**

# कहीं लंबी लाइन तो कहीं राशन दुकान खुलने के इंतजार में बैठी रहीं महिलाएं



**बिलासपुर।** सरकार द्वारा राशन दुकानों में एक ओर जहां अप्रैल से जून तक तीन महीने का चावल एक साथ बांटा जा रहा है, वहीं हितग्राहियों के लिए ये सुविधा गले की फांस साबित हो रही है।

ज्यादातर राशन दुकानों में बेतहाशा भीड़ की वजह से लोगों को धूप में लाईन लगाकर खड़ा होना पड़ रहा है, तो कुछ दुकानों में सुबह साढ़े दस बजे तक भी तालेबंदी होने से महिलाएं धूप में बैठकर इंतजार करने को मजबूर हैं। राशन दुकानों में इन दिनों तीन महीने का चावल लेने हितग्राहियों की भारी भीड़ नजर आ रही है। तीन महीने के चावल लेने के दौरान हितग्राहियों को हर महीने के लिए दो-दो बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है, जिससे तीन महीने के चावल के लिए प्रत्येक हितग्राही को छह-छह बार अंगूठा लगाने के कारण दुकानों में चावल लेने वालो की लाईन सामान्यतः लंबी हो ही जा रही है। दिक्कत यह है कि कुछ दुकानदारों के द्वारा सुबह साढ़े दस बजे तक भी अपनी दुकान नहीं खोली जा रही है, जिससे लोग बाहर धूप में इंतजार करने को मजबूर हैं। जबड़ापारा कांप्लेक्स परिसर में स्थित राशन दुकान शुक्रवार को सुबह साढ़े दस बजे तक भी नहीं खोली गई थी, लिहाजा महिलाएं दुकान खुलने का इंतजार करते दुकान के सामने और सड़क के पार धूप में ही बैठी रहीं। इस संबंध में खाद्य विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश हैं कि पूरे दिन में दुकान न्यूनतम आठ घंटे खोली जानी चाहिए, लेकन गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर संचालकों को सुबह जल्दी दुकान खोलनी चाहिए ताकि हितग्राहियों को धूप से हलाकान न होना पड़े।

#### दिया जाएगा नोटिस

दिन में न्यूनतम आठ घंटे राशन दुकानें अनिवार्य रूप से खुलनी चाहिए। गर्मी में सुबह साढ़े दस बजे तक भी किसी दुकान का न खोला जाना अच्छी बात नहीं है। संबंधित दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा।

**-अमृत कुजूर,** फूड कंट्रोलर

### केंद्रीय मंत्री तोखन ने किया रामसर साइट का निरीक्षण



कोपरा जलाशय रामसर साइट का निरीक्षण करते केंद्रीय मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कोपरा जलाशय रामसर साइट का निरीक्षण किया।

■ **आमजन से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना**

इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन एवं जल संसाधनों के सतत विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। श्री साहू ने कहा कि कोपरा जलाशय जैसे रामसर साइट प्राकृतिक संपदा के संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस क्षेत्र के संरक्षण एवं विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए इस प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित रखा जा सके। इससे पूर्व श्री साहू ने बिलासपुर स्थित अपने निज कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

---

### न्यू पेंशन स्कीम का लगातार होगा विरोध : एनएफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेशनल फेडरेशन आफ इंडिया रेलवे मेन के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार की नीतियों के तहत नई पेंशन स्कीम को लागू किया गया है, जिससे कर्मचारियों को कोई फायदा नहीं मिलेगा। इसके कारण सभी रेलवे में इसका पुरजोर विरोध करते हुए पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने की मांग हो रही है।

न्यू रेल आडिटोरियम में नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मेन की 243 वीं वर्किंग कमिटी मीटिंग बिलासपुर मंडल में आयोजित की जा रही है। अधिवेशन में मुख्य रूप से एनएफआईआर के अध्यक्ष गुमान सिंह, मुख्य वक्ता डॉ.एम राघवैया, मजदूर कांग्रेस के जोनल महामंत्री लक्ष्मी नारायण पीताम्बर शामिल हुए हैं। शुक्रवार की दोपहर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एनएफआईआर के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुमान सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार ने 1 अप्रैल 2004 से न्यू पेंशन स्कीम को लागू किया है, तब से ही रेलवे संगठन का विरोध शुरु हो चुका है। सरकार ने न्यू पेंशन स्कीम के संबंध में भ्रम फैलाया था। जो भी कर्मचारी सेवानिवृत्त होते गए उनके मामले सामने आने पर जानकारी मिली कि सरकार ने रेल कर्मचारियों से पेंशन के नाम पर छलावा किया। दो लाख से अधिक पद अभी भी रेलवे में खाली हैं, जिसमें कोई भी नई नियुक्ति नहीं की जा रही है। वर्तमान में सीमित कर्मचारियों से ही काम कराया जा रहा है। अब तक हालत ऐसी हो गई है कि कर्मचारियों से 8 घंटे के बजाय 12 से 14 घंटे तक काम करवाया जा रहा है। जब कर्मचारी इसका विरोध करते हैं तो उन्हें कार्रवाई का डर दिखाया जाता है। एनएफआईआर के जनरल सेक्रेटरी डॉ. एम राघवैया ने कहा कि केन्द्र शासन श्रम कानून में बदलाव कर अंग्रेजों की तरह राज करना चाह रही है। 30 से ज्यादा श्रम कानूनों को बदला गया है। निजीकरण के लिए सरकार कुछ भी करने को तैयार है। रेलवे कोई प्रयोगशाला नहीं है, जिसका जब मन पड़े अपने हिसाब से कानून और नियमों को तोड़ मरोड़ कर सके। सरकार तो मुनाफे से हिस्सा मांग रहे हैं। सरकार से हमें भीख नहीं चाहिए।

इस अवसर पर जोनल अध्यक्ष दिलीप कुमार स्वाइन, संयोजक रवि धल, मज़दूर कांग्रेस के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, नागपुर के मंडल समन्वयक इंदल दमाहे एवं रायपुर मंडल में मंडल समन्वयक बीडी प्रसाद, जोनल प्रवक्ता गोपी राव सहित बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी मौजूद थे।




बैठक में चर्चा करते एनएफआईआर के पदाधिकारी।

### रेलवे ने कबाड़ बेचकर कमाया 303.47 करोड़

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने स्क्रैप का निपटान कर 303.47 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित कर रिकार्ड कायम किया है। यह आय रेलवे बोर्ड से निर्धारित 270 करोड़ रुपए के वार्षिक लक्ष्य से 12.4 फीसदी अधिक है, जो संगठन की कुशल कार्यप्रणाली, प्रभावी योजना एवं पारदर्शी क्रियान्वयन को दर्शाता है। रेलवे ने विभिन्न कार्य स्थलों एवं ट्रैक किनारे पड़े स्क्रैप की सुनियोजित पहचान उसके व्यवस्थित एकत्रीकरण तथा ई नीलामी के माध्यम से प्राप्त की गई है। स्क्रैप बिक्री के मदवार विवरण में रेल से 114.96 करोड़, पीवे आइटम से 16.53 करोड़ रुपए, रोलिंग स्टॉक्स से 32.53 करोड़ रुपए, नॉन फेरस सामग्री से 25.63 करोड़ रुपए, पीएससी स्लीपर से 8.39 करोड़ रुपए तथा अन्य मदों से 105.43 करोड़ रुपए की आय हुई है। इसके साथ ही सरकार की नीतियों के अनुरुप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने गवर्नमेंट ई मार्केट प्लेस के माध्यम से खरीद में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जीईएम के माध्यम से 397.83 करोड़ रुपए की खरीदी की गई, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 37.80 फीसदी अधिक है।




### गर्मी में आईलैंड बन रहा लोगों की पसंदीदा जगह



**बिलासपुर।** इस बढ़ती गर्मी के बीच लोगों के घूमने का पसंदीदा जगह बन रहा एएसफन बबल आइलैंड वाटर पार्क। बबल आइलैंड वाटर पार्क बिलासपुर रेलवे स्टेशन से मात्र 5 किलोमीटर और बस स्टैंड से मात्र 500 मीटर की दुरी पर है। यहाँ वाटर पार्क के साथ साथ एम्यूजमेंट राइड भी मिलेगी। वाटर पार्क में जहाँ एक तरफ एकवा लूप जैसे थ्रिल वाले झूले है, वहीं फैमिली और बच्चों के लिए नई किड्स पूल भी है। रेन डांस, वेव पूल जैसे कई आकर्षक स्लाइड्स मौजूद है। यहाँ आए हुए लोगो का मानना है कि शहर का ये बड़ा वाटर पार्क डे आउट के लिए सर्वोत्तम स्थान है। बबल आइलैंड वाटर पार्क कि भीड़ में लगातार इज़ाफ़ा हो रहा है। लोग अपने परिवार और मित्रों के साथ बड़े पैमाने पर आकर यहाँ लुप्त उठा रहे है। यहां बच्चों के साथ परिजन भी नहाने का मजा लेते नजर आते हैं। यह सिलसिला सुबह 11 बजे से शाम तक देखने को मिल जाता है।

**बिजनेस प्लस**

---

**दिन भर में 100 रुपए की भी बिक्री नहीं होती, इंतजार करते रहते हैं ग्राहकों का**

# खाली रहता है वन स्टेशन वन प्रोडक्ट का स्टॉल, पर्दा लगाकर घर चले जाते हैं कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से रेल प्रशासन ने स्टेशन प्लेटफार्म पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट के तहत स्टॉल लगाने की सुविधा तो दे दी, लेकिन यह सुविधा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध नहीं करा सकी। अभी भी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर लगाया गया वन स्टेशन वन प्रोडक्ट का स्टॉल खाली खाली रहता है, जहां दिन भर में 100 रुपए की कमाई भी नहीं हो पाती है। यहां बैठे कर्मचारी भी ग्राहकों के आने का इंतजार करते रहते हैं, लेकिन जब ग्राहक नहीं आते तो उन्हें परदा लगाकर अपने घर का रूख करना पड़ जाता है।




रेल प्रशासन ने वन स्टेशन वन प्रोडक्ट ओएसओपी योजना के तहत देश के सभी बड़े छोटे स्टेशनों के विस्तार के साथ लाखों की संख्या में स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और किसानों को फायदा देने के उद्देश्य से स्टेशन प्लेटफार्म पर स्टॉल लगाने की सुविधा प्रदान की थी, जिसमें लोकल स्तर पर बनाए गए सामानों की बिक्री यात्रियों को की जानी थी। इस पहल के तहत स्टेशनों पर स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक कला और खाद्य उत्पादों जैसें पूर्वोत्तर के बांस शिल्प, मसाले और मिठाइयां के स्टॉल लगाए जा रहे थे। रेलवे के अनुसार वन स्टेशन वन प्रोडक्ट आउटलेट चालू किए गए, जो स्थानीय व्यवसायों को सीधे यात्रियों से जोड़ने का काम करते हैं। यह पहल वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए और स्थानीय समुदायों के लिए आय का स्थायी स्त्रोत तैयार करती है, जिसमें स्थानीय रूप से निर्मित वस्तुएं मिट्टी के बरतन, हथकरघा, हस्तशिल्प, मसाले, चाय, विशेष खाद्य पदार्थ असमिया पीठा, कश्मीरी कहवा बेचे जा रहे थे। इस योजना का उद्देश्य छोटे कारीगरों, बुनकरों और स्वयं सहायता समूहों को मंच प्रदान करना है।

सभी रेलवे की तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर, रायपुर, नागपुर तीनों डिवीजन के साथ उसलापुर, शहडोल, अनूपपुर, पेण्ड्रा, दुर्ग और अन्य स्टेशनों पर इस सुविधा को शुरु भी कराया गया। स्टॉल के लिए प्लेटफार्म नम्बर एक पर जगह भी दी गई, लेकिन इन स्टॉलों पर किसी भी यात्री ने खरीददारी करने के लिए कोई भी रूचि नहीं दिखाई।

#### खाली बैठते हैं कर्मचारी

बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के साथ उसलापुर, रायगढ़, चांपा, शहडोल, अनूपपुर और आसपास के छोटे स्टेशनों पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट के तहत स्टॉल लगाने की सुविधा रेल अफसरों की ओर से दे दी गई है। बिलासपुर के प्लेटफार्म नम्बर एक पर स्टॉल तो लगाया गया, जहां कपड़े से लेकर जूते और अन्य सामानों को बेचने के लिए रखा गया। यहां यात्री सामान देखने के लिए तो पहुंचते हैं, लेकिन खरीदी कोई नहीं करता। इसके कारण कर्मचारी भी खाली बैठे रहते हैं।

#### 15 दिन का किराया 1000

रेल मंत्रालय के आदेश पर एसईसीआर जोन की ओर से वन स्टेशन वन प्रोडक्ट को शुरु किया गया। इसमें स्व सहायता समूह और छोटे कारीगर भी आकर शामिल हुए, जिन्हें 15 दिन तक प्लेटफार्म पर स्टॉल लगाने के लिए लाखों रुपए के स्थान पर केवल 1000 रुपए लायसेंस शुल्क लिया गया। इन सबके बावजूद स्टॉल के सामानों की बिक्री एक फीसदी भी नहीं हो सकी।

#### यात्रियों को होनी चाहिए रूचि

स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने और सामानों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन स्टेशन वन प्रोडक्ट के तहत 15-15 दिन के लिए स्टॉल लगाने की सुविधा स्टेशन प्लेटफार्म पर दी गई है। यहां रखे गए सामानों की खरीदी करने के लिए यात्रियों में रूचि होनी चाहिए। अगर यात्री सामानों की खरीदी नहीं करेंगे तो स्टॉल खाली रहेंगे।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




एडमिशन अलर्ट

## प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 17 को अंतिम तिथि

**बिलासपुर।** शासन की महत्वाकांक्षी "मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना" के अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन 24 मार्च 2026 से शुरू हो गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2026 (रात्रि 12 बजे तक) निर्धारित की गई है। प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को किया जाएगा। रायपुर में 26 जुलाई 2010 को शुरू किए गए प्रयास आवासीय विद्यालय का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उपलब्ध कराना है। वर्तमान में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 17 संस्थाएं संचालित हैं, जिनमें 7120 सीटें स्वीकृत हैं, जबकि 6064 सीटों पर वर्तमान में विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इस वर्ष रायपुर एवं जगदलपुर में सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश खोले गए हैं। वहीं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए दुर्ग जिले के पाटन में नवीन प्रयास बालक आवासीय विद्यालय तथा जांजगीर-चांपा में नवीन कन्या आवासीय विद्यालय प्रारंभ किया गया है।




एग्जाम अपडेट

## व्यापमं फार्मासिस्ट ग्रेड II की परीक्षा 11 केन्द्रों में कल होगी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को फार्मासिस्ट ग्रेड II की परीक्षा शहर के 11 केन्द्रों में ली जाएगी। इसका एडमिट कार्ड भी जारी कर दिया गया है। यह एडमिट कार्ड 12 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए जारी किया गया है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि वैध एडमिट कार्ड के बिना परीक्षा हॉल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। बोर्ड ने उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी जारी किए हैं। आवेदकों को परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड की मुद्रित प्रति और वैध फोटो पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है। प्रवेश की कड़ी निगरानी की जाएगी और देर से आने वालों को प्रवेश नहीं दिया जा सकता है। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों का ध्यानपूर्वक पालन करना चाहिए, जिनमें रिपोर्टिंग समय, परीक्षा नियम और प्रतिबंधित वस्तुएं शामिल है। इस परीक्षा में 3 हजार 700 अभ्यथी परीक्षा देने के लिए आवेदन किए है।




कार्यक्रम

## वृद्धाश्रम आनंदो निकेतन का शुभारंभ 16 को



**बिलासपुर।** सेंट्रल बंगाली एसोसिएशन द्वारा बहु प्रतीक्षित वृद्धाश्रम आनंदो निकेतन का शुभारंभ 16 अप्रैल को निर्धारित किया गया है। अध्यक्ष बी सी गोलदार ने कहा कि भवन आनंदो निकेतन का शुभारंभ तीन वर्ष पूर्व उच्च न्यायालय के जस्टिस गौतम भादुड़ी से हुआ था। इस आश्रम में वर्तमान में 16 रहवासियों के लिये आवास,भोजन,देख - रेख की व्यवस्था की गई है। मोपका में स्थित यह आश्रम एक मनोरम आवासीय स्थल है,जिसके अंदर एक शिव मंदिर तथा उद्यान भी है, जिसे शहर के प्रतिष्ठित अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ हेमंत चटर्जी के सहयोग से निर्मित किया गया है। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि शहर के कई चिकित्सक, इंजीनियर्स, व्यापारी तथा आम नागरिक का अनवरत सहयोग का परिणाम ये वृद्धाश्रम समाज सेवा की दिशा में एक उदाहरण प्रस्तुत करने में सक्षम होगा।

स्पोटर्स

## 26वीं सब जूनियर स्टेट बेसबॉल चैम्पियनशिप कल



**बिलासपुर।** 26वीं सब जूनियर स्टेट बेसबॉल चैम्पियनशिप बालक एवं बालिका वर्ग का आयोजन 12 एवं 13 अप्रैल को बिलासपुर में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव मिताली घोष ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, महासमुंद, राजनांदगांव, कोरबा , धमतरी सहित अन्य जिलों की टीमें भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा निखारने और राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी आगामी 31वीं सब जूनियर नेशनल बेसबॉल चैम्पियनशिप, जो 24 से 29 मई तक केआईआईटी यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर ओडिसा में आयोजित होगी।

होम्योपैथिक चिकित्सक संघ के चिकित्सकों ने होम्योपैथी के जनक डॉ हेनिमेन के 271वें जन्मदिवस को वर्ष भर सेवा कार्यक्रम के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। प्रतिवर्ष की भांति शुक्रवार को विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया गया।

# होम्योपैथी दिवस मना, सालभर चलेगा सेवा कार्यक्रम






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संघ के संरक्षक डॉ अजित मिश्रा, अध्यक्षा डॉ कमलेश केशकर, डॉ नूतन गुप्ता, डॉ ओमप्रकाश डहरिया, डॉ कृष्ण साहू के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संरक्षक चिकित्सकों को सही दिशा में होम्योपेथी के साथ चलने व प्रैक्टिस में आने वाली बाधा से निकलकर निरंतर सेवा कार्य में लगन के साथ लगे रहने की सारगर्भित बात कही गयी। कोषाध्यक्ष डॉ संजय यादव के द्वारा वर्तमान कार्यकाल में हुए कार्यों व आय-व्यय सम्बंधित वित्तीय स्थिति से अवगत किया गया। चिकित्सकों ने होम्योपैथी पे अपना प्रैक्टिस लाइफ से रिलेटेड अपनी उपलब्धि सभी को बताया जिसमे मुख्य रूप से डॉ अंशुमान जैन, डॉ जिशान अहमद,डॉ सुधांशु भट्ट,डॉ अवनीश त्रिपाठी,डॉ नूतन गुप्ता, डॉ कृपा यादव संघ के सभी पदाधिकारियों ने अपना उद्बोधन दिया। जिसमें मुख्य रूप से हमारे अध्यक्ष डॉ कमलेश केशकर, उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण साहू, कोषाध्यक्ष डॉ संजय यादव, सचिव डॉ ओमप्रकाश ड़हरिया, सहसचिव डॉ ऋषि कश्यप, डॉ प्रह्लाद साहू मौजूद थे। चिकित्सकों का आभार प्रदर्शन पूर्व सचिव डॉ नवनीत कौशिक के द्वारा किया गया।

## डीपी कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर

डीपी विप्र महाविद्यालय में होम्योपैथिक दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर रेडक्रास सोसायटी, जिला आयुष अधिकारी के संयुत तत्वाधान में आयोजित किया गया। उक्त शिविर के मुख्य अतिथि डॉ यशपाल सिंह धुरव, कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉ भारती श्रीवास ने किया।






इस अवसर पर डॉ ओंकार सिंह राजपूत, डॉ कोमल सिंह डोडे, डॉ विश्वनाथ पटेल, डॉ अजय भारती, डॉ रश्मि जितपुरे,डॉ रूखमणी कुर्रे, डॉ अनीता सोनी, डॉ सुरेखा कौशिक,डॉ सना अहमदखान,डॉ सत्येन्द्र कुमार वर्मा, डॉ पंकज पटेल,डॉ योगेन्द्र नाथ चौहान,मोहन टंडन फार्मासिस्ट उपस्थित थे।

डॉ यशपाल सिंह धुरव ने अपने उद्बोधन में बताया कि डॉ फैडरिक सैमुअल हैनीमेन जो कि 1755 से 1843 को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। जिन्होंने होम्योपैथी प्रणाली की खोज की थी। अध्यक्षता करते हुए डॉ भारती श्रीवास ने बताया कि भारत विश्व के सबसे बड़े होम्योपैथी पर कार्य करने वाले देशों में से एक है,तीन लाख पच्चीस हजार से अधिक पंजीकृत डॉक्टर भारत में है। इस अवसर पर डॉ सुरेखा कौशिक,डॉ अजय भारती ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए संस्था के चेयरमेन अनुराग शुक्ला, प्राचार्य डॉ अंजू शुक्ला ने बधाई दी और कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य से लोगो में जागरूकता आती है।

# सिम्स के छात्र बने 'डिजास्टर वॉरियर' देहरादून में सीखे आपदा प्रबंधन के गुर



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव, राहत एवं पुनर्वास कार्यों की व्यवहारिक जानकारी देने के उद्देश्य से उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, देहरादून स्थित डिजास्टर मैनेजमेंट एंड मिटिगेशन सेंटर में एक सप्ताह का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। 22 मार्च तक चले इस भ्रमण में पीजी एवं इंटर्न छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए आपदा प्रबंधन की बारीकियां सीखी।

इस शैक्षणिक भ्रमण का शुभारंभ 15 मार्च को सिम्स के अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया, जिसके बाद पीएसएम विभागाध्यक्ष डॉ हेमलता ठाकुर के नेतृत्व में टीम देहरादून के लिए रवाना हुई। इस दौरान डॉ आरती पाण्डेय, डॉ मेलिशा एवं डॉ प्रणव ने विद्यार्थियों को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी, मेडिकल रिस्पॉन्स, सामुदायिक सुरक्षा एवं आपदा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को बाढ़, भूकंप, भूस्खलन, तूफान और सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण, उनके प्रभाव, पूर्व तैयारी, त्वरित बचाव, राहत वितरण और पुनर्वास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों को यह भी सिखाया गया कि आपदा के समय घबराने के बजाय सरकारी चेतावनियों पर ध्यान देना, सुरक्षित स्थानों की पहचान करना, प्राथमिक उपचार, टॉर्च, दवाइयां, पानी एवं आवश्यक खाद्य सामग्री पहले से तैयार रखना जीवनरक्षक सिद्ध हो सकता है।

### आपात परिस्थितियों के लिए तैयार करता है

इस शैक्षणिक भ्रमण की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही कि विद्यार्थियों ने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पैरामेडिकल रेस्क्यू, पब्लिक हेल्थ रिस्पॉन्स और अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय की पूरी प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझा। विशेषज्ञों ने बताया कि प्रारंभिक स्तर से आपदा प्रबंधन की शिक्षा मिलने पर विद्यार्थी भविष्य में समाज के लिए प्रभावी "डिजास्टर वॉरियर" और "फर्स्ट रिस्पॉन्डर" की भूमिका निभा सकते हैं। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति ने कहा कि"मेडिकल शिक्षा के साथ आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में बेहतर नेतृत्व, त्वरित निर्णय और जनसेवा के लिए तैयार करता है। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण भविष्य के स्वास्थ्य योद्धाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण हैं।

# सिंधी समाज अपनी जीवंत संस्कृति समृद्ध विरासत के लिए प्रसिद्ध



**बिलासपुर।** सिंधी भाषा के 59 वीं साल गिरह दिवस पर सिन्धी युवक समिति के सदस्यों ने आपस में सिंधी भाषा बोलने का संकल्प लिया।

सिंधी युवक समिति के संयोजक, संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी बोर्ड के पूर्व डायरेक्टर अमर बजाज ने बतलाया कि सिंधी समाज अपनी जीवंत संस्कृति और समृद्ध विरासत के लिए प्रसिद्ध है। सिंधी समाज ही मोहन जोदड़ो संस्कृति, सभ्यता के वंशज हैं। सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर भारत के उपराष्ट्रपति ने 10 अप्रैल को नई दिल्ली में भारतीय संविधान का सिंधी देवनागरी लिपि मे नवीनतम सिंधी संस्करण जारी किया। यह सिंधी समाज के लोगों के लिए यह गर्व का बात है। सिंधी भाषा को 10 अप्रैल 1967 को भारतीय संविधान में आठवीं अनुसूची की भाषा में शामिल किया गया। तब से संपूर्ण भारत सहित विश्व में सिंधी समाज में 10 अप्रैल को सिंधी भाषा दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं, सिंधी भाषा भारत के पश्चिमी मध्य हिस्सों मुख्य रूप से महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाएं है। जिसमें संस्कृति समेत हिंदी पंजाबी और गुजराती भाषा शामिल है, सिंधी भाषा संपूर्ण भारत में बोली जाती है पाकिस्तान में सिन्धी भाषा नस्तालिक में लिखी जाती है।

जबकि भारत में इसके लिये देवनागरी और नस्तालिक दोनो प्रयोग किये जाते हैं। सिंधी भाषा बोलने का और समाज के लिए सभी को सिंधी भाषा बोलने का संकल्प लिया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी के पूर्व डायरेक्टर अमर बजाज, मनीष लाहोरानी, अशोक बजाज, मनोहरलाल खट्वानी, कैलाश मलघानी, राजकुमार बजाज, ओमप्रकाश मनचंदा, अमित संतवानी, मुकेश मूलचंदानी, किशन जेठानी इत्यादि सहित समिति के सदस्य शामिल थे।

कार्नर न्यूज

# प्रह्लाद चरित्रः अटूट भक्ति और सत्य की विजय का अमर संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





सरकंडा स्थित शिव कुमार देव कुमारी शुक्ला के निवास में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा में कथा वाचक पं नीरज भूषण मिश्रा ने प्रह्लाद चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय सनातन परंपरा में भक्ति और धर्म की महिमा का सबसे प्रभावशाली उदाहरण यदि किसी कथा में देखने को मिलता है, तो वह है प्रह्लाद का चरित्र।

श्रीमद्भागवत महापुराण में वर्णित यह कथा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह भी सिखाती है कि विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य और विश्वास की राह नहीं छोड़नी चाहिए। प्रह्लाद दैत्यराज हिरण्यकशिपु के पुत्र थे। हिरण्यकशिपु ने कठोर तपस्या कर यह वरदान प्राप्त किया था कि वह लगभग अजेय हो जाए। इस शक्ति के घमंड में उसने स्वयं को ही भगवान मान लिया और सभी से अपनी पूजा कराने लगा। इसके विपरीत, प्रह्लाद बचपन से ही भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे। उन्होंने अपने पिता के आदेश को भी अस्वीकार कर दिया और केवल विष्णु भक्ति में लीन रहे। पुत्र की भक्ति से क्रोधित होकर हिरण्यकशिपु ने प्रह्लाद को कई बार मृत्यु के मुख में धकेलने का प्रयास किया। उन्हें ऊँचे पर्वत से गिराया गया, ज़हरीले सर्पों के बीच डाला गया, हाथियों से कुचलवाने की कोशिश की गई, यहाँ तक कि आग में भी बैठाया गया। लेकिन हर बार एक अदृश्य शक्ति ने उनकी रक्षा की। यह शक्ति थी उनकी अटूट आस्था और भगवान विष्णु की कृपा।

हिरण्यकशिपु की बहन होलिका को अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था। उसने प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठने का प्रयास किया, लेकिन परिणाम इसके विपरीत हुआ। प्रह्लाद सुरक्षित बच गए, जबकि होलिका जलकर भस्म हो गई। इसी घटना की स्मृति में आज भी होलिका दहन मनाया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

## खबर संक्षेप

### टीचर्स एसोसिएशन का प्रांतीय सम्मेलन कल

**लोरमी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन का प्रांतीय महा सम्मेलन रविवार 12 अप्रैल को दुर्ग के खालसा पब्लिक स्कूल में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के मुख्य आथित्य में आयोजित है। इस महासम्मेलन में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला सचिव ठाकुर राम सिंह लोरमी के नेतृत्व शिक्षक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस दौरान प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पूर्ण पेंशन देने, क्रमोन्नति पदोन्नति, टेट परीक्षा, डीएड-बीएड कोर्स, सेवा निवृति आयु 65 वर्ष करने आदि शिक्षकों की मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री को मांग पत्र सौंपा जाएगा। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षा मंत्री से अपनी मांगों को लेकर विस्तृत चर्चा भी करेंगे।

### शराबियों ने की युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** शराब पीकर गाली-गलौज करने से मना करने पर बदमाशों ने युवक के साथ को मारपीट कर दी। शिकायत पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चनाडोंगरी निवासी प्रमोद सतनामी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 7 अप्रैल की रात 9 बजे वह ईंटा भट्ठा के पास था, इस दौरान राम कुमार छोटू एवं सागर सतनामी शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे थे। जब प्रमोद ने ऐसा करने से मना किया तो युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 3,5 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

### महिला को टोनही कहने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज



**तखतपुर।** टोनही कहकर प्रताड़ित करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। ढनढन निवासी प्रार्थीया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि देवेंद्र बघेल एवं सुमित्रा बघेल के द्वारा उसे आए दिन टोनही कहकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। प्रार्थिया के द्वारा बार बार मना किए जाने के बाद भी आरोपियों के द्वारा प्रताड़ित किया जाता रहा। प्रार्थिया ने इसकी रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351, 3 115, 23, 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

## निधन

### रेनूका चटर्जी



**बिलासपुर।** देविका विहार कॉलोनी राजकिशोर नगर निवासी रेनूका चटर्जी का 10 अप्रैल को स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 अप्रैल शुक्रवार को सुबह 11 बजे तोरवा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे शंपा मुखर्जी, शिल्पी चटर्जी एवं देव चटर्जी की माता व महुआ चटर्जी की सास थीं।

## मांस दुकानों का कचरा नदी में फेंकने से बिगड़े हालात

# गंभीर बीमारियों का घर बनी मनियारी नदी, पानी बना जहर

**खतरे में लोगों की जिंदगी प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल**

हरिभूमि न्यूज : जरहागांव

क्षेत्र की जीवनदायिनी कही जाने वाली मनियारी नदी आज 'मौत का कुंड' बन चुकी है। कभी स्वच्छ जल से लोगों की प्यास बुझाने वाली यह नदी अब खून, मांस के टुकड़ों और सड़े कचरे से भरी नजर आ रही है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि, नदी के किनारे खड़ा होना भी लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं है। नगर में संचालित मांस की दुकानों से निकलने वाले मुर्गियों के पंख, खून और सड़े-गले मांस के टुकड़े खुलेआम नदी में फेंके जा रहे हैं। इससे न केवल नदी का पानी काला व बदबूदार हो चुका है, बल्कि उसमें जहरीले तत्व भी तेजी से बढ़ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि, अब इस पानी का उपयोग करना गंभीर बीमारियों को न्योता देने के बराबर हो गया है।

**खौफ का दूसरा नाम बना चीलों के झुंड-** नदी में फेंके जा रहे मांस के टुकड़ों ने अब एक नई आफत खड़ी कर दी है। चीलों और बाजों के बड़े-बड़े झुंड नदी किनारे मंडरा रहे हैं। ये झुंड कई बार राहगीरों पर झपट्टा मार चुके हैं। हालत यह है कि, लोग नदी किनारे जाने से डरने लगे हैं, मानो यह इलाका 'खतरे का जोन' बन चुका है।





### जहर घोल रही लापरवाही, ग्रामीण त्रस्त

इस गंभीर समस्या पर तखतपुर नगर पालिका और बरेला नगर पंचायत की खामोशी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। न कोई सख्त आदेश न ही कोई निगरानी, ऐसे में नियमों का खुलेआम उल्लंघन जारी है। प्रशासन की यह चुप्पी अब जनता के गुस्से में बदल रही है। एक ओर भीषण गर्मी में जब पानी की किल्लत पहले ही चरम पर है, ऐसे में नदी का दूषित होना लोगों के लिए दोहरी आपदा से कम नहीं। ग्रामीण और नगरवासी आज भी नहाने, कपड़े धोने और कई जगह सब्जी की खेती के लिए इसी नदी पर निर्भर हैं। लेकिन अब यही पानी त्वचा रोग, पेट की बीमारियों और संक्रमण का कारण बनता जा रहा है।

### जनप्रतिनिधियों में असंतोष

इस पर बरेला नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने कहा कि, मांस के टुकड़े और मुर्गों के पंख नदी में फेंकने का सिलसिला जारी है, जिससे पानी दूषित होकर बीमारियां फैला रहा है। जल्द ही जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। तखतपुर नगर अध्यक्ष पूजा आत्मजीत मक्कड़ ने कहा, मनियारी नदी का पानी आज भी लोग उपयोग कर रहे हैं, लेकिन कुछ लोग लगातार गंदगी फैला रहे हैं। ऐसे लोगों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों की मांग- क्षेत्र की जनता ने नदी में मांस और कचरा फेंकने पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाने, मांस की दुकानों के लिए अलग कचरा निस्तारण व्यवस्था करने, दोषियों पर भारी जुर्माना और लाइसेंस रद्द करने, मनियारी नदी में तत्काल विशेष सफाई अभियान शुरू करने एवं प्रशासनिक निगरानी के लिए टीम गठित करने की मांग की है।

### बीमारियों का खतरा विशेषज्ञों की चेतावनी

स्वास्थ्य जानकारों का कहना है कि, सड़े-गले मांस और खून के पानी में मिलने से बैक्टीरिया और वायरस तेजी से पनपते हैं। इससे डायरिया, टाइफाइड, स्किन इंफेक्शन के साथ-साथ दूषित पानी से महामारी फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। साथ ही पशु-पक्षियों के माध्यम से भी संक्रमण की आशंका है। यदि समय रहते रोकथाम नहीं हुई, तो यह स्थिति बड़े स्वास्थ्य संकट में बदल सकती है।

# रेत माफिया पर पुलिस की कार्रवाई, भेजा गया जेल



नाबालिग की मौत के बाद एक्शन में प्रशासन

**रतनपुर।** रतनपुर पुलिस ने अवैध रेत खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक रेत माफिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई एक नाबालिग युवक की मौत के मामले में की गई है, जिसकी जान अवैध खनन के दौरान चली गई थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 अप्रैल की रात करीब 3 बजे थाना रतनपुर को सूचना मिली कि, ग्राम गढ़वट स्थित खारंग नदी के किनारे रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टर में सवार 17 वर्षीय अमित कश्यप की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अंशिका जैन ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

जांच के दौरान सामने आया कि, ग्राम गढ़वट निवासी आरोपी तोषण कश्यप 34 वर्ष द्वारा अवैध रूप से रेत खनन किया जा रहा था। अधिक रेत निकालने के लालच में आरोपी ने नदी में 6-7 फीट गहरे गड्ढे में काम करने के लिए अमित कश्यप और एक अन्य युवक अमित यादव को उतारा, जबकि उसे इस बात की जानकारी थी कि, गड्ढा कभी भी धंस सकता है। खनन के दौरान अचानक रेत और मिट्टी धंस गई, जिससे अमित कश्यप की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अमित यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी ने साक्ष्य छुपाने की कोशिश करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को दूसरी जगह ले जाकर पलट दिया और इसे सड़क हादसा बताने की कोशिश की। जांच में सच्चाई सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 और 238(बी) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बिल्हा के कर्मचारियों ने श्रम मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**बिल्हा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं श्रम मंत्री डॉ मांडविया द्वारा 1 अप्रैल से भारत के सभी राज्यों में केन्द्रीय दर पर श्रमिक एक समान वेतनमान लागू किए जाने हेतु घोषणा की गई, किन्तु उनका पालन नहीं हुआ, न ही राज्य सरकार द्वारा कोई सर्कुलर जारी किया गया। इसकी वजह से नगरीय निकाय के कर्मचारी अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। इसके विरोध में नगर पंचायत बिल्हा के समस्त कर्मचारियों ने श्रम कार्ड लागू करने एवं केंद्रीय वेतनमान पर भुगतान को लेकर अपने विभागीय मंत्री के नाम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत बिल्हा को ज्ञापन सौंपा।

# पहले दिन 80 क्विंटल चने की खरीदी, किसानों में उत्साह



**लोरमी।** सेवा सहकारी समिति में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत जिले में चना फसल की समर्थन मूल्य पर प्रथम दिवस 7 किसानों से कुल 80 क्विंटल चना की खरीदी की गई। जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने से किसानों में उत्साह का माहौल है। तथा उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित होने से आर्थिक संबल मिलेगा।

कृषि विभाग की उपसंचालक वीणा ठाकुर ने बताया कि, दलहनी एवं तिलहनी फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्राइस सपोर्ट स्कीम लागू की गई है। योजना के तहत खरीफ सीजन में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन तथा रबी सीजन में चना, मसूर एवं सरसों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाती है। जिले में अब तक चना फसल के लिए 885.93 हेक्टेयर, सरसों के लिए 95.14 हेक्टेयर तथा मसूर के लिए 26.93 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया जा चुका है। चना की खरीदी 5 हजार 875 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य सरस्वती कमल राजपूत ने किया। इस अवसर रामेश्वर बंजारे, जवाहर दिवाकर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सुभाष सोनी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धनंजय कुर्रे सहित कृषि विभाग एवं समिति के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गया जेल

**पथरिया।** थाना क्षेत्र पथरिया अंतर्गत एक नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हिए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक नाबालिग युवती को शादी का झांसा देकर अपने साथ रखा और कई दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी टालमटोल करने लगा। इस दौरान घटना की जानकारी मिलने पर युवती के परिजनों ने पथरिया थाने मे शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजाराम यादव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम धरदेई के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही नाबालिग पीड़िता को परिजनों को सौप दिया गया।

# नवकार महामंत्र दिवस: जैन समाज ने दिया विश्व शांति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



मानवता और विश्व शांति के प्रतीक जैन धर्म के मूल मंत्र 'णमोकार महामंत्र' की महिमा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गुरुवार 9 अप्रैल को पेंड्रा में विश्व नवकार महामंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आदिश्वर पाठशाला एवं जैन समाज के सदस्यों ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर इस महामंत्र की शक्ति और महत्ता को रेखांकित किया।

आयोजन के दौरान वक्ताओं ने बताया कि, णमोकार मंत्र जिसे नवकार मंत्र भी कहा जाता है, जैन धर्म का सबसे प्रभावशाली एवं आधारभूत मंत्र है। यह मंत्र किसी एक व्यक्ति विशेष की आराधना न कर अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु इन पंच परमेष्ठियों के उच्च गुणों को नमन करता है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक मंत्रोच्चार के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। वक्ताओं ने कहा कि, यह महामंत्र केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि एकाग्रता, आत्मिक शुद्धि और मानसिक शांति प्राप्त करने का सशक्त माध्यम है। मान्यता है कि, श्रद्धापूर्वक इसके जप से पापों का नाश होता है और जीवन में कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। वर्तमान समय में जब विश्व हिंसा, द्वेष और अशांति जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब नवकार मंत्र की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है, क्योंकि यह समस्त जीवों की मंगलकामना और संरक्षण का संदेश देता है। इस अवसर पर जैन समाज के महिला एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सामूहिक जाप के माध्यम से विश्व शांति की कामना की। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय एवं शांतिपूर्ण हो गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में सद्भावना का प्रसार करना तथा महामंत्र के माध्यम से आंतरिक शांति का संदेश देना रहा।


**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26
ग्राम बेलसरी तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शुभि पाण्डेय पिता श्री भुवन प्रसाद पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम बेलसरी प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्लू.एस.) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 22/04/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 08/04/2026 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, तखतपुर**

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26
ग्राम बेलसरी तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अमिता पाण्डेय पिता श्री भुवन प्रसाद पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम बेलसरी प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्लू.एस.) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 22/04/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 08/04/2026 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, तखतपुर**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/क/तह./वा./ 2026
बिलासपुर, दिनांक 30/03/2026

मौजा कोनी के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है ग्राम कोनी प.ह.न. 23 तहसील-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 191/4 में से रकबा 1250 वर्गफीट हेतु आवेदिका श्रीमती माधुरी वार्ष्णेय वगैरह पति स्व. श्री योगेश वार्ष्णेय निवासी माहामाया रेसीडेंसी कोनी बिलासपुर तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत ताबादलानामा / फौती नामांतरण/ बैनामा रजिस्ट्री नामांतरण / वसीयत नामांतरण / दानपत्र नामांतरण / पंजीकृत हकत्याग नामांतरण, तबादला नामा, हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 16/04/2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक 30/03/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र........./ब-121/2025...26
ग्राम पदमपुर प.ह.नं. 14

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम पदमपुर वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती/कु. पंचराम पिता/पति लाल दास जाति सतनामी निवासी ग्राम पदमपुर तहसील जरहागांव जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने दादी सुमरिन के जन्म/मृत्यु दिनांक 14.04.1980 ग्राम पंचायत पदमपुर में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 21/04/2026 को प्रात: 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जरहागांव

**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय पेण्ड्रारोड जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही छ.ग.**

**शपथ पत्र**

मैं सरोज कुमार मसीह पिता यहूस मसीह जाति ईसाई निवासी ग्राम-सारबहरा कुर्रीपारा तहसील पेण्ड्रारोड जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) का होकर निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ -

1. यह कि मैं ग्राम सारबहरा का स्थायी निवासी हूँ। मेरा आधार नंबर- 780748399074 है।
2. यह कि मेरा पुराना नाम सरोज सरोज पेनकार्ड में अंकित है और मैं अपना नाम बदलकर सरोज कुमार मसीह करवाना चाहता हूँ।
3. यह कि मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक से ऋण की राशि शेष है।
4. यह कि मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिए मैं पूर्णत: स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
5. यह कि मैं यह शपथ पत्र अपने होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**
**सरोज कुमार**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास योजना मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी- 657, मूल आबंटी श्रीमति स्मिता देशपांडे पति श्री आंनद देशपांडे, को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 19.06.2016 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्रीमती ज्योति गुप्ता पति श्री यशपाल गुप्ता, को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**आम सूचना**

मैं अपनी आसामिया श्रीमती उमा मिंज पिता दुख राम जाति उरांव (अ.ज.जा.) निवासी विनोबा नगर मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) की ओर से एद्ध द्वारा अधिकृत होकर निम्न आशय का यह आम सूचना प्रकाशित करती हूं कि मेरे आसामिगण ने श्री 1. विजय कुमार तवर पिता केशरी सिंह जाति कंवर (अ.ज.जा.) निवासी बेलगहना तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) 2. शिशुपाल सिंह 3. उमा कुमारी निवासी मजगांव कोटा 4. चम्पा कुमारी निवासी रानीगढी कोरबा सभी पिसरान केशरी सिंह सभी जाति कंवर से उनके हक अधिपत्य व स्वामित्व की भूमि ग्राम बेलगहना प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. बेलपान तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा क्रमश: 90, 93, 200, 366, 453, 706, 727, 738 कुल खसरा योग 08 रकबा क्रमश: 0.510 हे. 0.502 हे. 0.709 हे. 0.454 हे. 0.437 हे. 0.567 हे. 0.206. हे. 0.182 हे. कुल रकबा 3.567 हे. भूमि स्थित को भूमि स्वामि विजय कुमार तंवर पिता केशरी सिंह वगै. से क्रय करने का सौदा तय कर इकरारनामा के जरिये दस लाख रूपये ब्याना के तौर पर प्राप्त कर लिया गया है एवं जिसकी शीघ्र ही भूमि स्वामि / विक्रेता को प्रतिफल का बचत रकम का भुगतान कर अपने पक्ष में विक्रय का पंजीयन (रजिस्ट्री) करायी जानी है इस संबंध यदि किसी व्यक्ति संस्था सरकारी गैस सरकारी निकाय बैंक या फिर किसी वित्तीय संस्था को कोई उजर व आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 10 दिनों के भीतर मेरे निचे दिये गये पते पर मय दस्तावेज उपस्थित होकर कर सकते है। नियत समय अवधि के पश्चात प्राप्त दावा व आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा और करारशुदा भूमि के विक्रय का पंजीयन मेरे आसामिगण के द्वारा विक्रेता से मिलकर संपन्न करा लिया जावेगा।

अत: सूचना जाने।

**भवदीय**
**अजय सोनकर**
**(अधिवक्ता) छ.ग. उच्च न्यायालय**
**मो.नं. 9770606833**

**न्यायालय श्रीमान भाड़ा नियंत्रण अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

शोभा सेठ...... आवेदिका
विरूद्ध
राजीव कुमार चुरा उर्फ राजीव कुमार छुरा... अनावेदक
प्रकरण क्र.-12-अ 90(7)/2026
आदेश दिनांक- 06.04.2026
पेशी दिनांक- 27.04.2026
प्रोसेस नं. 32/2026

प्रति, राजीव कुमार चुरा उर्फ राजीव कुमार छुरा उम्र 35 वर्ष पिता श्री वी.के. चुरा उर्फ वी.के. छुरा निवासी- "आर.के. कॉम्प्लेक्स" दुकान नं.-5, सरकंडा बिलासपुर, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

शोभा सेठ उम्र 65 वर्ष पति मिलन सेठ, निवासी- डॉ. कॉल्विट नर्सिंग होम के पास, मेन रोड, न्यू सरकंडा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने आपके विरूद्ध मोहल्ला नया सरकंडा बिलासपुर में "आर.के. कॉम्प्लेक्स" सरकंडा मेन रोड में स्थित व्यवसायिक परिसर में स्थित विभिन्न पक्की लेंटर वाली दुकानें है जिसमें से दुकान नं. 5, साईज 800 वर्गफीट सिर्फ धरातल भाग जिसमें शटर व स्वतंत्र रूप से बिजली मीटर लगा हुआ है, के संबंध में आवेदन पत्र वास्ते वाद दुकान का रिक्त आधिपत्य दिलाये जाने एवं बकाया किराया की वसूली बाबत अंतर्गत धारा 2. अनुसूची 2 की कंडिका क्र. 11 छ.ग. भाड़ा नियंत्रण अधिनियम के तहत वाद संस्थित किया है।

आपको इस न्यायालय में तारीख 27.04.2026 को दिन में 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदाता आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजो की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया

यह आज तारीख 10/9/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

दिनांक : 06.04.2026
बिलासपुर (छ.ग.)

**भाड़ा नियंत्रण अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल- सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क्रमांक //सीमांकन/रा.नि./2026
दिनांक 1/04/2026

आवेदक तीरथराज सिंह बीईसी फर्टिलाइजर्स (यूनिट ऑफ भिलाई इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड) आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. सरिता जायसवाल 2. सुलोचना नेपानी 3. बैजन्ती पाण्डे 4. नीलू यादव, दीपक गुप्ता 5. अन्य सर्व संबंधित

विषय :- सीमांकन के संबंध में।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र. ...तह./ अति.तह./ना.तह./वा..../2026 बिलासपुर दिनांक 29.06.2025

ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 1024, 1025/2, 1027/1, 1027/6, 1027/4, 1034/1, 1025/1, 1027/5 रकबा कुल 6.38 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका तीरथ राज सिंह पिता भगत निवासी बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार /अति.तह./ना.तह. बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 14/04/2026 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. सिरगिट्टी
तहसील व जिला बिलासपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2026,
जूना बिलासपुर दिनांक 02/04/2026

1. मजहर इशाक 2. गाईड मास्टर 3. अशोक अग्रवाल 4. हेमचंद एरी 5. चिमन सवलानी 6. अशोक अग्रवाल 7. अशोक अग्रवाल अन्य सर्वसंबंधित हितबद्ध पक्षकार (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)

विषय :- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/तह /वाचक/2026 बिलासपुर दिनांक 19/02/26

आवेदक मजहर इशाक वगै. निवासी जूना बिलासपुर के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं.36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 266/3 रकबा 0.0850 के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 22/02/26 का समय 11am-5pm बजे किया जायेगा। अत: आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यत: उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वंय जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

टीप :- 1-आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/तह. / वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक 08/04/26

ग्राम मोपका के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है ग्राम मोपका प.ह.न. 29 तहसील-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1997/20 रकबा 1387 वर्गफीट भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदिका श्रीमती अंजुमन आरा पति स्व. आबिद हुसैन निवासी नेहरू नगर कुसमुण्डा तहसील-कोरबा जिला-कोरबा छत्तीसगढ़ के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 29/04/2026 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 08/04/26 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम-सूचना**

मैं अपने पक्षकार विजय कुमार पाण्डेय पिता स्व. विश्राम प्रसाद पाण्डेय निवासी गंगानगर, सेक्टर-2, मंगला बिलासपुर छत्तीसगढ़ से अधिकृत होकर तथा उनके निर्देशानुसार यह आम सूचना प्रकाशित करवा रहा हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा मौजा मंगला, प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1020/4, शीट नम्बर 29 डायवर्सन प्लाट नम्बर 702 रकबा 1505 वर्गफुट को मेरे पक्षकार ने श्रीमती रीता बाजपेयी पति श्री ओम प्रकाश बाजपेयी निवासी गंगा नगर, मंगला से विक्रय पत्र दिनांक 02.12.2024 द्वारा क्रय किया गया है जो कि उप पंजीयक कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.) में ग्रंथ क्रमांक 2287, पृष्ठ क्रमांक 195 से 212 दस्तावेज क्रमांक CG-2024-25-118-1-5280 में अंकित किया गया है। जिसकी मूल प्रति निकट भविष्य में एच.डी.एफ.सी. बैंक में बंधक होना है। जिसकी पूर्व की रजिस्ट्री जो कि श्रीमती रीता बाजपेयी पति श्री ओम प्रकाश बाजपेयी द्वारा राहुल धुरंधर पिता हरीशचन्द्र वर्मा से विक्रय पत्र दिनांक 10.05.2013 को क्रय किया गया था जो कि उप पंजीयक कार्यालय के ग्रंथ क्रमांक 22832 पृष्ठ क्रमांक 34 से 44 दस्तावेज क्रमांक 477 में अंकित है मूल प्रति मेरे पक्षकार से घर की साफ सफाई के दौरान गुम हो गयी है जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट मेरे पक्षकार द्वारा थाना सिविल लाईन, बिलासपुर में दिनांक 10.04.2026 को दर्ज करा दी गई है।

अत: उक्त गुम हुए बैनामे के संबंध में किसी वित्तीय संस्थान, सरकारी, गैर सरकारी बैंक अथवा व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में आकर दर्ज करा सकते हैं।

सो सूचना जाने।
दिनांक 10.04.2026

**भवदीय**
**बैकुण्ठ नाथ श्रीवास्तव**
**अधिवक्ता**
**मोबा.नं. 9907936803**



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### होम्योपैथी दिवस पर सम्मानित हुईं डॉक्टर श्रद्धा



**लोरमी।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर मेडिकल टीम ने नगर की होम्योपैथी बीएचएमएस डॉक्टर श्रद्धा पाठक को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर होमियोपैथी चिकित्सा के संस्थापक डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन की सराहना करते हुए टीम ने होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने की लोगों से अपील की। इस अवसर पर डॉ अजय पाठक, मिंटू छाबड़ा, अवधेश सिंह, जीवन साहू, राजेंद्र साहू आदि उपस्थित थे ।

### खोगेन्द्र ने हासिल की पीएचडी की उपाधि

**लोरमी।** ग्राम बोडतरा निवासी शिक्षक द्वारिका प्रसाद साहू के सुपुत्र खोगेन्द्र साहू ने अपनी मेहनत, लगन



और परिवार से मिले सतत प्रोत्साहन के बल पर यह पीएचडी की उपाधि हासिल की है। उन्होंने आईएसबीएम विवि गरियाबंद से "उरांव जनजाति के बढ़ते आयामों का समाजशास्त्रीय अध्ययन (जशपुर जिले के विशेष संदर्भ में)" विषय पर अपना शोध सफलतापूर्वक पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि अर्जित की है। उनका यह शोध कार्य डॉ अनिता कुर्रे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### रामचरित मानस सभी ग्रंथों में श्रेष्ठः रामकुमार



**दगोरी।** रामचरित मानस कथा से मर्यादा रूपी जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। हमें अपने जीवन में भगवान श्रीराम के आदर्शो को अपनाने की आवश्यकता है। रामचरित मानस सभी ग्रंथों में श्रेष्ठ है। उक्त बातें ग्राम दगोरी में आयोजित श्री अखंड नवधा रामायण में शामिल जनपद अध्यक्ष बिल्हा डॉ रामकुमार कौशिक ने कही। समिति अध्यक्ष नरेंद्र सन्नाट ने श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य जनपद सभापति राजकुमार साहू, घनश्याम कौशिक, श्रवण कौशिक, दशरथ सन्नाट, राधेश्याम कौशिक, रामकुमार ध्रुव, श्याम सुंदर सन्नाट, बिंदा निषाद, शिवशंकर सन्नाट, कौशल ध्रुव, बिरेंद्र कौशिक, बाजरहा निषाद, दूजराम यादव, सुमित साहू, सहित समिति के पदाधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### जेएमपी कॉलेज ने चलाया पोषक विद्यालय संपर्क अभियान



**तखतपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में स्वीकृत सीटों के विरुद्ध शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु शासकीय इंदिरा उच्चतर माध्यमिक शाला व स्वामी आत्मानन्द उच्चतर माध्यमिक शाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के विभिन्न विषयों एवं पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विनोद कुमार दुबे ने की। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉक्टर सस्मिता बरगाह के नेतृत्व में संकाय सदस्यों अंजित नेताम, डॉ ज्योति गोस्वामी, डॉ नावेद सिद्दीकी, डॉ अनीता बरगाह, अंकुर शुक्ला, शिव प्रसाद साहू, रानू अग्रवाल, प्राची गुप्ता, जसमीत कौर, संजय देवांगन ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला, श्रीमती कुंजाम, रश्मि मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, मीनाक्षी कामिनी सहित अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# एक ही रात में 17 बकरे-बकरियों की संदिग्ध मौत

## पीएम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा कि कैसे हुई मौत

## ग्रामीणों ने वन्यजीव के हमले की जताई आशंका



### लाखों का नुकसान

ग्रामीणों के बीच इस घटना को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही है। कुछ लोगों का मानना है कि किसी जंगली जानवर के हमले से यह घटना हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी क्षेत्र में जंगली जानवर पालतू जानवरों पर हमला कर चुके हैं। ग्रामीणों ने कहा कि बकरियों के अचानक मर जाने से गरीब किसान परिवार को लाखों रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

क्षेत्र के ग्राम पंचायत चितावर में एक बेहद मार्मिक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक गरीब परिवार की आजीविका का मुख्य सहारा बनी बकरा-बकरियों की एक ही रात में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बकरियों के पेट फटे हुए थे। शरीर पर चोट के निशान थे। इस घटना से परिवार पर आर्थिक संकट छा गया है। किसान रात में बकरी को दाना खिलाकर घर में सो गया और जब सुबह देखा तो कोठे में 17 बकरियां मृत मिली। घटना की सूचना किसान ने पुलिस को दी। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार चितावर निवासी प्रेम लाल बिरको पिता महाजन बिरको 9 अप्रैल की रात में अपने घर में 17 बकरे बकरियों को दाना पानी देकर घर में सो गया। 10 अप्रैल की सुबह जब वह जगा और कोठे में गया तो स्थिति देखकर दंग रहा गया। जिन बकरियों को उसने रात में दाना पानी दिया था वे सभी 17 बकरियां मर चुकी थीं। उसको देखते ही किसान अपने स्तर पर जांच पड़ताल की और सूचना ग्राम के सरपंच को दी। इसके बाद तखतपुर थाने एवं पशु चिकित्सा विभाग में सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। पशु चिकित्सा विभाग के चिकित्सक डा. हेमंत नेताम ने मृत बकरियों की जांच की और आसपास के लोगों से जानकारी ली। लोगों ने बताया कि रात में बकरियों के चिल्लाने की आवाज आ रही थी तब पशु चिकित्सक ने आशंका जताई की किसी जंगली जानवर ने हमला बोला होगा। मृत बकरियों को पोस्टमार्टम के लिए बिलासपुर लैब ले जाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि यह किसी वन्यजीव का हमला था या मौत की कोई और वजह है। पुलिस भी मामले की तहकीकात कर रही है। इधर एक साथ 17 बकरियों की मृत पाए जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी मौके का जायजा लेने पहुंची और अपने स्तर पर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया है।

### सदमें में किसान

किसान प्रेम लाल बिरको जिन बकरियों को रात में दाना पानी देकर सो गया था। सुबह सभी बकरियों को मृत अवस्था में देखकर वह समझ नहीं पा रहा है कि ऐसा क्या हो गया कि एक साथ सभी बकरियों की मृत्यु हो गई। बकरी पालन से ही प्रेम लाल अपना जीविकोपार्जन करता है। बकरियों के मर जाने से उसके सामने गुजर बसर की भी समस्या खड़ी हो गई है।

# हर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिलाना हमारा लक्ष्यः धर्मजीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

■ छतौना में गांव चलो अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही हमारा लक्ष्य है, और यही इस अभियान का मकसद, ताकि हर पात्र व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हो सके।

उक्त बातें ग्राम छतौना में आयोजित 'गांव चलो अभियान' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक डॉ धर्मजीत सिंह ने कही। उन्होने स्थानीय जनपद सदस्य रंजना तुलसी कौशिक, सरपंच राधिका राकेश कौशिक एवं ग्रामीणों की मांग पर 400 मीटर गौरव पथ निर्माण एवं माइंस स्थित विद्यालय में बाउंड्रीवाल के लिए 5 लाख देने की घोषणा की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, विधायक धर्मजीत सिंह ने अपने ढाई साल के कार्यकाल में 5 अरब से भी अधिक के विकास कार्य करा चुके हैं। हमारे विधासनभा में पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य हुए हैं। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष डॉ माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष विशाल विक्की सिंह, जिला पंचायत सभापति अंबिका साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष रवि मेहर एवं आभार प्रदर्शन संजय घोष ने किया। इस अवसर परहनीफ खान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, रत्ना मानिकपुरी उपसरपंच, गुलजीत खुराना महामंत्री अल्पसंख्यक शानुल खान, महामंत्री अल्पसंख्यक, राकेश छाबड़ा, संजय घोष, संजय भोसले, दीनबंधु आनंद, रमेश कौशिक, राकेश कौशिक, बैशाखू कौशिक, सरद कौशिक राज कश्यप जिला महामंत्री युवा मोर्चा, दिनेश शर्मा अध्यक्ष सहकारी समिति, दसरथ पांडेय सरपंच प्रतिनिधि शिवाड़ी तम्बोली, प्रमिला नेताम, शमनाद निशा, अनिल साहू, भूषण रजक, सुरेन्द कौशिक, संतोष खुटे, गुनिया साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पेंड्रा में मनाया भाजपा का स्थापना दिवस, शामिल हुए कार्यकर्ता



**पेंड्रा।** भारतीय जनता पार्टी पेंड्रा मंडल की ओर से अंजनी वाटिका में पार्टी का 47वां स्थापना दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज जैन एवं राकेश चतुर्वेदी उपस्थित रहे। नीरज जैन ने भारतीय जनता पार्टी के संघर्षपूर्ण इतिहास, वैचारिक यात्रा और संगठनात्मक विस्तार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की विचारधारा है, जिसने कार्यकर्ताओं की निष्ठा और परिश्रम के बल पर देशभर में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। वहीं राकेश चतुर्वेदी ने पार्टी की उपलब्धियों, राष्ट्रवादी सोच और देशहित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का उल्लेख किया। मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी ने कहा कि, भाजपा जैसे राष्ट्रवादी एवं संस्कारित संगठन का कार्यकर्ता होना सभी के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मंडल मंत्री विमल मिश्रा ने किया। आयोजन में रामजी श्रीवास, मनीष श्रीवास, अरुण तिवारी, सौरव साहू, विनय सूर्यवानी, हेमंत राव वाघे, सुनीता राठौर, दुर्गे कोल, देवशरण राठौर, कुलदीप शुक्ला, सुयश जैन, अजय राय, भूधर सोनी, निर्माण जायसवाल, आदित्य पांडे, देवी सिंह, निसार खान, महेश मिश्रा, वेदराम कोल, प्रकाश जैतवार, आशीष जायसवाल, राजेश श्रीवास, राममिलन सोनी, नरेंद्र राठौड़, शशांक गुप्ता, दिलीप साहू एवं पवन मांझी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तोखन की अनुशंसा पर पथरिया में 30 लाख के विकास कार्य स्वीकृत

**पथरिया।** नगर पंचायत पथरिया में विकास कार्यों के लिए सीएसआर मद से 30 लाख के कार्य स्वीकृत हुए हैं। ये सभी स्वीकृति केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू के अनुसंशा पर हुई है। स्वीकृत कार्यों में पथरिया नगर के यदुनंदन वार्ड क्रमांक 1 में मां महामाया मंदिर




परिसर के निर्माण के लिए 15 लाख रुपए और वार्ड क्रमांक 5 में 15 लाख का सामुदायिक भवन निर्माण शामिल है। वार्ड क्र 1 में मां महामाया मन्दिर परिसर निर्माण के बाद और स्थल और सुंदर नजर आएगा, वहीं वार्ड क्र 5 में सामुदायिक भवन निर्माण के बाद वार्डवासियों को किसी भी सामाजिक, धार्मिक या अन्य कार्यों के लिए भवन की आवश्यकता पूरी हो जाएगी। निर्माण कार्य के लिए 30 लाख की स्वीकृति मिलने पर नगर पंचायत पथरिया हुलसी रघु वैष्णव ने आभार जताते हुए कहा है कि, भाजपा सरकार में नगर पंचायत पथरिया में लगातार कार्य हो रहे हैं, इसके लिए उन्होंने केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक का आभार जताया। वहीं उपाध्यक्ष मनोज पांडेय ने कहा कि, वार्ड पांच सहित नगर नागरिकों से जुड़े छोटे-छोटे कार्य जल्द पूरा होंगे। साथ ही उन्होंने विकास कार्य के लिए राशि स्वीकृत करने पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा ने किया महिलाओं के उत्थान के लिए कार्यः हर्षिता



**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा बस्ती चलो, घर चलो, वार्ड चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन नगर के टिकरीपारा स्थित राजपूत क्षत्रिय समाज भवन में दोपहर 2 बजे किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विभा नहरेल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया है। प्रदेश भाजपा महिला मंत्री हर्षिता पांडे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने हमेशा महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किया है। राजनीति में उनकी सहभागिता ज्यादा से ज्यादा हो इसलिए बहुत जल्द हमारी एनडीए की सरकार लोकसभा एवं राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल ला रही है। भाजपा महिला मोर्चा बिलासपुर जिला अध्यक्ष स्नेहलता शर्मा ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का सदस्य होना ही हमारे लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री वंदना सिंह एवं आभार प्रदर्शन मोर्चा अध्यक्ष लता कश्यप ने किया। इस अवसर पर नंदिनी ठाकुर, वंदना सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, शिप्रा सैमुअल, कृष्ण कुमार साहू, नैनलाल साहू, प्रमोद ठाकुर, लता कश्यप, रानु सीदार, पूनम शुक्ला, रजनी देवांगन, अनु पाटकर, श्रद्धा तिवारी, शेख संगीता धुरी, अंजू देवांगन, पिंकी ठाकुर, सरिता निर्मलकर, शांति ठाकुर, जलेश्वरी ठाकुर, गंगोत्री ठाकुर, सावित्री पाठक, सुनीता बंजारे, अनीता यादव, राजकुमारी ठाकुर, पूनम ठाकुर, बिंदा ठाकुर, पूर्णिमा पाठक सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई 12वीं हिंदी की परीक्षा

**लोरमी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के तहत कक्षा बारहवीं हिंदी विषय की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित की गई। नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश सोनी एवं नायब तहसीलदार शांतनु तारम ने थाना लोरमी एवं थाना खुड़िया स्ट्रांग रूम पहुंच कर समयानुसार केंद्र अध्यक्षों को प्रश्न-पत्र उपलब्ध कराया। नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश सोनी ने एबीईओ सुनील शर्मा के साथ परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल व कन्या शाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। वहीं उमा गोंडखाम्ही का निरीक्षण एबीईओ राजेंद्र निर्मलकर एवं अकत ध्रुव ने किया। बीईओ मनीषा पाटले ने बताया कि, कुल 23 केन्द्रों मे दर्ज 2 हजार 835 में से 2 हजार 801 उपस्थित रहे, जबकि 34 अनुपस्थिति रहे। एसडीएम अजित पुजारी ने बताया कि, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के नियमानुसार पूरे अनुभाग में बारहवीं हिंदी विषय की परीक्षा परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में कराई गई।

# बूथ व पंचायतों का गठन जमीनी स्तर पर होना चाहिएः लहरिया

■ जोंधरा व ओखर मंडल में कांग्रेस की बैठक



**मल्हार।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 'संगठन सृजन अभियान' के तहत बूथ व पंचायत कमेटियों के गठन हेतु ब्लॉक कांग्रेस मस्तूरी के जोंधरा मंडल एवं ओखर मंडल में बुधवार को बैठक आयोजित की गई।

बैठक में क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक दिलीप लहरिया एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोलाराम साहू की उपस्थिति रही। इस मौके पर विधायक ने कहा कि, बूथ व पंचायतों का गठन केवल कागजों में नहीं जमीनी स्तर पर होना चाहिए। सभी पदाधिकारी को एक-एक बूथ में जाकर सक्रिय कार्यकर्ताओ का चयन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पद लेकर निष्क्रिय रहने वाले का चयन नहीं किया जाना चाहिए। मंडल अध्यक्ष अपने क्षेत्र में बूथ गठन की पूरी जिम्मेदारी लें, और इनकी नियमित रूप से मानिटरिंग करें। ब्लॉक अध्यक्ष ने दोनों मंडल जोंधरा व ओखर के मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारियों प्रभारी को बताया कि, हमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार बूथ स्तर तक मजबूत संगठन तैयार करना होगा, सभी पदाधिकारी आपसी तालमेल के साथ काम करेंगे तभी संगठन मजबूत होगा, और कांग्रेस की विचार धारा जन-जन तक पहुंचेगी। बैठक को अन्य जनप्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ कांग्रेसी पदाधिकारियों व अनेक वक्ताओं ने भी संबोधित किया। बैठक में साहिल मधुकर, पिंटू जांगड़े, उतरा रात्रे, पूर्व सभापति ओमप्रकाश पैकरा, विष्णु केवट, अयोध्या प्रसाद, हरबंश पैकरा, बंशी साहू, हेतराम केवट, राजीव पैकरा, राजकुमार, जोंधरा मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा सहित कार्यकर्ता व ओखर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीप्रसाद यादव, मनराखन केवट, केशव साहू, निलेश केवट, जनपद सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे, राजेंद्र प्रसाद रात्रे, रंजीत यादव, गोविंदा टंडन, पंचराम सोनी, भोलू साहू, शिवकुमार भारद्वाज, अश्वनी टंडन सहित जोंधरा व ओखर मंडल के कांग्रेसी मौजूद रहे।

# युवाओं को राष्ट्र निर्माण का आधार मानती है भाजपा



**सीपत।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बिलासपुर ग्रामीण अंतर्गत सीपत मंडल में भव्य स्तर पर हॉस्टल संपर्क अभियान, युवा संपर्क अभियान एवं हितग्राही संपर्क अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने विभिन्न हॉस्टल एवं क्षेत्रों में पहुंच कर छात्रों, युवाओं एवं हितग्राहियों से आत्मीय मुलाकात कीभाजयुमो जिलाध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी हमेशा युवाओं की शक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार मानती है। स्थापना दिवस के अवसर पर हमारा उद्देश्य युवाओं, छात्रों और समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर उन्हें पार्टी की विचारधारा एवं सरकार की योजनाओं से जोड़ना है। मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि, भाजपा केवल चुनावी पार्टी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के सुख-दुख में साथ खड़ी रहने वाली विचारधारा है। भाजयुमो सीपत मंडल अध्यक्ष वैभव तंबोली ने कहा कि, युवा मोर्चा लगातार युवाओं के बीच पहुंचकर उन्हें जागरूक करने और संगठन से जोड़ने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, भाजयुमो महामंत्री अंकुर सिंह, तुषार चंद्राकर, भाजयुमो प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य ललित यादव, जिला मंत्री जयशंकर साहू, यश गौरहा, महेन्द्र पटनवार, विक्रम राजपूत, वैभव तंबोली, मिथलेश श्रीवास, भूपेंद्र गिरि गोस्वामी, संगीता साहू, ओम पटनवार, ओम प्रकाश साहू, शुभम यादव, मंत्री संतोष साहू, आशिष शर्मा, सोनु निर्मलकर, सुमित जायसवाल, आयुष पटनवार, संतोष साहू, नागेश वर्मा, युवराज नेटी सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं एवं हितग्राही महिलाएं उपस्थित रहीं।

## शिवपुराण कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह का मंचन

# भक्ति और उल्लास का संगम, झांकी देखने उमड़ी भीड़



**सीपत।** क्षेत्र के ग्राम हरदाडीह में आयोजित ऐतिहासिक श्री शिवपुराण कथा इन दिनों श्रद्धा, भक्ति और आस्था का केंद्र बनी हुई है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दराज से पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं।

गुरुवार को कथा के पांचवें दिवस भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण र्णन किया गया, जिसने पूरे पंडाल को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। कथावाचक पंडित राजेंद्र दुबे महाराज ने भगवान शिव एवं माता पार्वती के दिव्य विवाह का मार्मिक वर्णन करते हुए माता पार्वती की कठोर तपस्या, समर्पण और अटूट भक्ति का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धा, विश्वास और तपस्या से ही भगवान की कृपा प्राप्त होती है। इस मौके पर जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू अपनी धर्मपत्नी सहित स्वयं भगवान शिव और माता पार्वती की झांकी के रूप में मंच पर उपस्थित हुए, जिन्हें देखने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव की प्रतीकात्मक भव्य बारात निकाली गई, जिसमें शिवगण एवं देवताओं के स्वरूप में सजे युवक-युवतियां आकर्षण का केंद्र रहे। बारात गांव के प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भगवान शिव एवं माता पार्वती का प्रतीकात्मक विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के अंत में महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन समिति के सदस्य रेवाशंकर साहू, मीना नरेंद्र वस्त्रकार, सरपंच मंगल सिंह सिदार एवं मनोज सिदार ने बताया कि, श्री शिवपुराण कथा का समापन 15 अप्रैल को पूर्णाहुति, हवन एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। कार्यक्रम में यदुराम साहू, मीना नरेंद्र वस्त्रकार, मंगल सिंह, रवि पटेल, विजय वस्त्रकार, प्रदीप राठौर, पीतांबर पटेल, नरसिंह पटेल, रामदयाल पटेल, सालिकराम साहू, भुवन साहू, कीर्तन सिदार, धनश्याम साहू, भीम साहू, चिंतामणि साहू, बसंत पाण्डेय, प्रशांत तिवारी, सुनील चौहान, लाल राठौर, मनोज तंबोली सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### गौ संरक्षण के लिए आम लोगों को आना होगा सामनेः पंडित शर्मा

**सकरी।** ग्राम हांफा में चल रहे शिव महापुराण कथा में पंडित दुर्गेश शर्मा ने भगवान शिव की कथा का वर्णन करते हुए भगवान शिव के परिवार में विभिन्नता होने के बाद भी एकता का उदाहरण देकर परिवार की समरसता एवं आदर्श समाज की स्थापना के लिए लोगो को प्रेरित किया। महाराज ने समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि, आज कल लोगों के घर के सामने 'स्वागतम' लिखने के बजाए 'कुत्तों से सावधान' लिखा दिखाई देता है, मैं कुत्ता पालने का विरोध नहीं करता, सभी जीव की सेवा करने से परमार्थ ही मिलता है। कथा प्रवचन में उन्होंने गोवंश के संरक्षण



एवं संवर्धन के लिए आम लोगों को आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि, सिर्फ सरकार के भरोसे गौवंश का संरक्षण नहीं हो सकता, आम जन एवं समाज को भी गौसेवा के लिए अग्रणी एवं तत्पर्य होना पड़ेगा। उन्होंने गंगा स्नान के महत्व को बताते हुए कहा कि, गंगा स्नान से मनुष्य के पापों का नाश होता है और जीवन में शुद्धता आती है। कथा प्रसंग में प्रोफेसर सतीश दुबे, रुद्र अवस्थी, राजेश तिवारी, रत्ना पांडेय, सुजाता पांडेय, विनोद तिवारी, आज्ञा दुबे, रविशंकर साहू, डॉ महेन्द्र दुबे, गोविंद तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। शिव महापुराण का आयोजन कृष्णा पांडेय द्वारा किया जा रहा है, इसके मुख्य यजमान मीना कृष्ण कुमार दुबे हैं।

# डोर-टू-डोर संपर्क अभियान में शामिल हुए भाजयुमो कार्यकर्ता



**बेलतरा।** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बिलासपुर ग्रामीण अंतर्गत बेलतरा के उत्तर मंडल में पार्टी के स्थापना दिवस पर महिला संपर्क, युवा संपर्क एवं हितग्राही संपर्क अभियान चलाया गया। इस डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से युवाओं, महिलाओं एवं हितग्राहियों से भेंट कर अभिनंदन पत्र दिया गया। इस अवसर पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष बृजेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप जायसवाल, भाजयुमो महामंत्री तुषार चंद्राकर, रितेश कलवानी, अभिषेक साव, जगतारन दास, चतुर सिंह, संस्कार चौबे, हिमांशु यादव, प्रकाश दास, अशोक दास, शंकर, अंकुश दुबे, अनिष्ट धीवर, विशु नेताम, हरिष कश्यप, मयंक शर्मा, चंदन यादव, विक्की श्रीवास सहित अन्य भाजयुमो कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं एवं हितग्राही महिलाएं उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### बाइक ने आटो को ठोका चालक ने लिखाई रिपोर्ट

**बिलासपुर।** कोटा से बिलासपुर आ रहे आटो को सड़क किनारे खड़ा करना महिला चालक को भारी पड़ गया। लापरवाहीपूर्वक बाइक चला रहे युवक ने आटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन इस दौरान आटो को नुकसान पहुंचा है। सकरी पुलिस के अनुसार बिल्लीबंद कोटा की रहने वाली शिवकली मानिकपुरी पति सेवकदास मानिकपुरी पेशे से आटो चालक है। गुरूवार की सुबह 9 बजे के आसपास वह कोटा से आटो क्रमांक सीजी 10 सीडी 4249 में सवारी लेकर चकराकुंड मोड के पास पहुंची थी, इस दौरान बाइक क्रामक सीजी 10 एएस 3265 के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए आटो को ठोकर मार दी। जिससे आटो के मडगार्ड, बम्फर को नुकसान पहुंचा है। महिला चालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

### पुरानी रंजिश में अधेड़ को पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश में दो युवकों ने मिलकर अधेड़ को लकड़ी से पीट दिया है। अधेड़ ने घटना की रिपोर्ट सिरगिट्टी थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। सिरगिट्टी पुलिस ने बताया कि बन्नाकडीह डिढ़वापारा निवासी रामेश्वर धुरी पिता स्व कुंवर सिंह धुरी पेशे से किसान है। बीती रात वह परिचित की शादी से लौट रहा था, करीब 2 बजे गांव पहुंचा था। इस दौरान गांव के रहने वाले चुटल्ली व घन्ने का लड़का उसके पास आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। पुरानी रंजिश को लेकर दोनों ने मिलकर अधेड़ को जबरदस्त पीट दिया। जिससे उसके कोहनी, सिर, पैर, जांग में चोट आई है। पुलिस ने अधेड़ की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज कर लिया है।

### यात्री को वापस की गुम सोने की बाली


**बिलासपुर।** आपरेशन अमानत में आरपीएफ की टीम ने वंदेभारत एक्सप्रेस में खोई हुई सोने की बाली यात्री को सुरक्षित वापस कर दी है। जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल को 20826 वंदेभारत एक्सप्रेस में एक महिला यात्री की सोने की बाली खोने की शिकायत रेल मदद पोर्टल के माध्यम से मिली। सूचना पर आपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ की टीम ने संबंधित कोच ई-1 में सोने की बाली की खोजबीन की। 9 अप्रैल को 22647 तिरुअनंतपुरम एक्सप्रेस में वापसी के दौरान उक्त बाली को आरपीएफ ने महिला के परिजन मनोज जेठानंद मनुजा 44 वर्ष को सुपुर्द कर दी है। गुम हुई बाली की कीमत 36 हजार रुपए थी।

### श्रीवास समाज का आदर्श सामूहिक विवाह 20 को

**बिलासपुर।** देशहा श्रीवास समाज बिलासपुर संभाग द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन 20 अप्रैल को श्रीवास भवन सेन मार्ग बाईपास रोड मंगला में किया जाएगा। सामूहिक विवाह के लिए सामाजिक योग्य युवक युवती जो शादी करना चाहते या परिजन जिन्हें अपने रिश्तेदारों का शादी करवाना हैं वे 10 अप्रैल शाम 6 बजे तक अनिवार्य रूप से निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन समाज के पदाधिकारियों को दे सकते हैं। आवेदन के साथ वर वधु का नवीनतम दो दो फोटो, आधारकार्ड का फोटोकॉपी के साथ सम्पर्क कर सकते हैं। पंजीयन निःशुल्क है। 10 तारीख के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। पंजीयन के लिए सुरेंद्र श्रीवास, लक्ष्मी श्रीवास, चंद्रमणि श्रीवास, सुमित श्रीवास, संतोष श्रीवास, बसंत श्रीवास से संपर्क कर सकते हैं।

**शहर में चिकन की 145 दुकानें** | पशुपालन विभाग ने जारी किया चिकन दुकान खोलने का आदेश

# 18 दिनों बाद खुली दुकानें, 20 करोड़ का चिकन कारोबार प्रभावित




**बिलासपुर।** 24 मार्च से शहर में बंद चिकन दुकानों को जिला प्रशासन के आदेशानुसार शुक्रवार से फिर खोल दिया गया है। 18 दिनों से लगातार बंद रहने के कारण केवल बिलासपुर शहर में ही 20 करोड़ का चिकन कारोबार प्रभावित हुआ है। व्यवसाइयों ने शुक्रवार को दुकानें तो खोल दीं, लेकिन उम्मीद के अनुरूप ग्राहकी नहीं हो सकी।

बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद 24 मार्च से शहर में 10 किलोमीटर के दायरे में बंद कर दी गई चिकन दुकानें शुक्रवार से खोल देने के आदेश जारी किए गए हैं। शहर के विभिन्न वार्डों में छोटी-बड़ी मिलाकर चिकन की 145 दुकानें हैं, जहां हर रोज एक करोड़ का कारोबार होता है। लगातार 18 दिनों तक दुकानें बंद रहने के कारण केवल शहर में ही 20 करोड़ का कारोबार प्रभावित हुआ है। चिकन व्यवसाइयों के अनुसार प्रशासन ने भले ही दुकान खोलने का आदेश जारी किया है, लेकिन बाहर से माल नहीं लाने की हिदायत भी दे रखी है। ऐसे में लोगों को अपनी दुकानों में बेचने के लिए माल कहां से मिल सकेगा। उनका कहना है अगर चिकन का कारोबार ठप रहा तो भी उनके लिए परेशानी है और अगर कारोबार जमकर हुआ तो भी दुकान में वे और माल कहां से लाकर भर सकेंगे। प्रशासन द्वारा अगले दो महीने तक मुर्गे, मुर्गियों, चूजे व अंडों के परिवहन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### चिकन खाने वालों में अब भी डर

शुक्रवार से चिकन दुकानों को भले ही खोलने के आदेश जारी कर दिए गए हैं, लेकिन चिकन की बिक्री में कोई खास तेजी नहीं देखी गई है। चिकन व्यवसाइयों का कहना है कि लोगों के मन में अब भी बर्ड फ्लू का डर समाया हुआ है। शायद यही कारण कि लोगों ने इतने दिनों बाद खुलने के बाद भी चिकन की खरीदारी से परहेज किया है। व्यवसाइयों का कहना है कि चिकन खाने से अब कोई खतरा नहीं है तभी प्रशासन द्वारा दुकान खोलने की अनुमति दी गई है।

### दुकान खुलते ही पहुंचे निगम कर्मी, बोले आदेश दिखाओ

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार पशुपालन विभाग द्वारा चिकन दुकान खोलने के लिए जारी आदेश के बाद शहर के सभी चिकन व्यावसायियों ने शुक्रवार से अपनी-अपनी दुकानें खोलीं। व्यवसाइयों ने बताया कि दुकान खोलते ही नगर निगम के कर्मचारी दुकान बंद करवाने पहुंच गए। इस दौरान व्यापारियों द्वारा कलेक्टर द्वारा खोलने का आदेश जारी करने की बात कहने पर निगम कर्मियों ने आदेश की कॉपी मांगी। परेशान व्यापारियों ने एकजुट होकर फिर कलेक्टर के पास जाने की तैयारी की ही थी कि निगम कर्मी अपनी-अपनी दुकान खोल लेने की बात कहते हुए वापस चले गए।

### प्रशासन ने दिया है आदेश

प्रशासन के आदेशानुसार शक्रवार से शहर में चिकन की दुकानें खोल दी गई हैं। आदेश में शर्तें इतनी अधिक हैं कि फिलहाल पहले जैसा व्यावसाय संभव नहीं है। व्यापारियों के पास पर्याप्त माल ही नहीं है, जिससे अच्छे से दुकानदारी नहीं की जा सकती। चिकन खाने वालों को भी अब डरना नहीं चाहिए, क्योंकि चिकन खाना अब सुरक्षित है, तभी प्रशासन द्वारा दुकान खोलने की छूट दी गई है।

**-विपुल कुमार विश्वास**
थोक चिकन कारोबारी

स्टेशन में चल रहा है एयरपोर्ट की तर्ज पर काम

# रेलवे स्टेशन के बाहर पुलिस चौकी पर चला बुलडोजर, दूसरी जगह शिफ्ट की गई चौकी


रेलवे स्टेशन के सामने स्थित पुलिस चौकी को तोड़ा गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किए जा रहे रेलवे स्टेशन के बाहर टाट के पैबंद की तरह पुलिस चौकी पर अंततः बुलडोजर चला दिया गया। रेल प्रशासन की काफी जद्दोजहद करने के बाद पुलिस कर्मियों ने स्टेशन में संचालित होने वाली चौकी को छोड़ने के लिए जगह मांगी, पुलिस को कोच रेस्टोरेंट के सामने कैश कार्यालय के बगल में चौकी संचालित करने के लिए जगह दी गई। चौकी को शिफ्ट करने के बाद ठेकेदार के कर्मचारियों ने तत्काल चौकी को तहस नहस कर दिया है।

बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम किया जा रहा है। स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य की शुरुआत रेल प्रशासन ने पहले गेट नम्बर चार से की थी, जहां लगे रैंप को तोड़ दिया गया। इसके बाद गेट नम्बर तीन जहां यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ रहती थी। इसका कारण था कि गेट नम्बर तीन पर अनारक्षित यानि जनरल टिकिट काउंटर का संचालन किया जाता था, जहां से टिकिट की खरीदी करने के बाद यात्री ट्रेन में सफर करते थे। अनारक्षित टिकिट काउंटर को रेल प्रशासन ने गेट नम्बर एक पर स्थित आरक्षण कार्यालय में और आरक्षण कार्यालय को स्काउट एंड गाइड विंग की बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया है। इन दोनों काउंटरों की शिफ्टिंग करने के बाद चारों ओर से शेड लगाकर गेट नम्बर तीन को भी पूरी तरह से ब्लाक कर दिया गया है, जिसके उपरांत वर्तमान में यात्री गेट नम्बर चार और एक व दो से स्टेशन में आना-जाना कर रहे हैं।

स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में बनी पार्किंग की शिफ्टिंग के उपरांत तोड़फोड़ भी शुरु कर दी गई है, लेकिन इस जगह पर पुराने जनआहार के सामने संचालित होने वाले तोरवा पुलिस चौकी को स्टाफ की ओर से खाली नहीं करने के कारण काम को आगे बढ़ने में काफी दिक्कत हो रही थी। रेलवे अफसरों ने स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में बाधा बनने वाले तोरवा पुलिस चौकी की जगह को खाली करने के लिए कई बार पत्र भी लिखा, जिसके बदले जगह खाली करने नई भवन की मांग की जा रही थी। आखिरकार रेल प्रशासन को पुलिस कर्मियों की जिद के आगे घुटने टेकने पड़ गए और उन्हें नई जगह कैश कार्यालय के बगल में उपलब्ध कराई गई। जगह देखने और उसे पसंद करने के बाद ही पुलिस कर्मियों ने चौकी खाली की, जिसके बाद मजदूरों और जेसीबी से बिल्डिंग को तोड़ दिया गया।

### हो गई चौकी खाली

जोनल रेलवे स्टेशन के सामने स्टेशन डेवलपमेंट का काम किया जा रहा है, जहां कई सालों से पुलिस चौकी का संचालन हो रहा था। चौकी के लिए नई जगह उपलब्ध करा दी गई है। स्टाफ के पुरानी चौकी को छोड़ने के बाद स्टेशन के सामने के स्ट्रक्चर को तोड़ दिया गया है।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# मुर्गे-मुर्गियों पर हटा प्रतिबंध लेकिन कानन जू में लागू नहीं



**बिलासपुर।** कोनी में मुर्गियों के मरने और बर्ड फ्लू की बीमारी के बाद अब कानन पेण्डारी जू में मांसाहारी वन्यप्राणियों के लिए आहार का संकट अभी भी चल रहा है। प्रशासन ने मुर्गा और मुर्गियों पर से प्रतिबंध तो हटा दिया है, लेकिन कानन जू में इसे अब तक शुरु नहीं किया गया है। अभी भी मांसाहारी वन्यप्राणियों को बकरे और मछली का मांस जांच कराने के बाद आहार में परोसा जा रहा है।

बिलासपुर के कानन पेण्डारी मीडियम जू में 65 प्रजातियों के 650 से अधिक मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों के लिए अलग-अलग केज की व्यवस्था प्रबंधन ने की हुई है, जिसमें लायन, तेंदुआ, हाइना, टाइगर, भालू के अलावा सर्प, मछली, काकड़, हिरण, सांबर, चिंकारा, चौसिंगा, नीलगाय, गोरला, लोमड़ी, जंगली सुअर, बायसन, दरियाई घोड़ा, रोज पेलिकन, ईमू सहित अन्य पक्षी शामिल हैं। किसी भी चिड़ियाघर में कौन सी प्रजाति के वन्यप्राणियों की संख्या कितनी होनी चाहिए, इसका निर्धारण केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण करता है, जिसका पालन जू प्रबंधन को करना होता है। कानन पेण्डारी जू में कई वन्यप्राणी सरप्लस हैं। जू के अलग-अलग केज में रखे गए वन्यप्राणियों के रखरखाव, उपचार के अतिरिक्त सबसे अधिक खर्च आहार में प्रबंधन को होता है। कानन पेण्डारी जू में मांसाहारी वन्यप्राणियों में मुख्य रूप से लायन, टाइगर, तेंदुआ, हाइना, भालू शामिल हैं, जो प्रतिमाह लाखों रुपए का चिकन मटन हजम करते हैं। कुछ दिन पहले कोनी में मुर्गियों के मरने के बाद बर्ड फ्लू घोषित कर मांसाहारी वन्यप्राणियों के आहार के लिए बाहर से आने वाली मुर्गियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। प्रशासन ने गुरुवार की रात आदेश निकालकर मुर्गा मुर्गियों के चिकन को बेचने और खाने का पत्र जारी कर दिया है, लेकिन अभी तक यह आदेश कानन पेण्डारी जू के प्रबंधन ने लागू नहीं किया है।

### सबसे अधिक दिक्कत सांपों की

कानन पेण्डारी जू में आहार के लिए सबसे अधिक दिक्कत सांपों की है। चिकन और मुर्गा मुर्गियों के चूजों को सांप के केज में प्रतिदिन डाला जाता था। बर्ड फ्लू और प्रशासन के प्रतिबंध के बाद कानन जू प्रबंधन ने भी बाहर से आने वाले चिकन पर रोक लगा दी। इससे सांपों के आहार की दिक्कतें होने लगी, जिसे देखते हुए अब सांप के आहार के लिए चूहों की व्यवस्था की गई है।

### अभी लागू नहीं

प्रशासन की ओर से आदेश जारी हो गया है, लेकिन कोई नया आदेश कानन जू प्रबंधन के पास नहीं पहुंचा है। इसके कारण चिकन और मुर्गा मुर्गियों पर रोक लगी हुई है। उच्चाधिकारियों के आदेश आने के बाद इसे शुरु कर दिया जाएगा। फिलहाल सांपों को चूहा आहार में दिया जा रहा है।

**-राजेन्द्र सोरी**, अधीक्षक, कानन पेण्डारी जू

# अंडरब्रिज बंद होने से लोगों का जीवन अस्त व्यस्त, ओपन करने सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने एक अप्रैल से 15 मई तक यानि 45 दिनों के लिए तारबाहर अंडरब्रिज को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है, जिसके बाद से आरयूबी से आने-जाने वाले लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। परेशान लोगों ने अंडरब्रिज को ओपन करने के लिए डीआरएम से मांग की है, ताकि बच्चों और बुजुर्गों को इसकी सुविधा मिल सके।

रेल प्रशासन ने 6 माह पहले ही तारबाहर आरयूबी से आवागमन बंद कर मेंटेंनेंस व अन्य कार्य किए थे। अब एक बार फिर रेलवे की ओर से अधिकारियों ने नया आदेश जारी कर दिया है। नए आदेश के अनुसार बिलासपुर स्टेशन यार्ड किलोमीटर 719/28-30 में स्थित तारबाहर अंडरब्रिज में बेहतर सड़क आवागमन के लिए सड़क का मरम्मत कार्य 1 अप्रैल से लेकर 15 मई यानि 45 दिनों तक किया गया है। इसकी वजह से तारबाहर आरयूबी में लोगों का आना-जाना पूरी तरह से बंद हो गया है। प्रतिदिन इस तरह की परेशानी से सिरगिट्टी से तारबाहर के बीच सिरगिट्टी, नगपुरा, धमनी व आसपास गांव के हजारों लोग गुजरते हैं। अंडरब्रिज बंद होने के कारण बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां का हर एक व्यक्ति ब्रिज के बंद से परेशान हो चुका है, क्योंकि ब्रिज पार करने का अतिरिक्त अन्य रास्ता नहीं है। जिस रास्ते के बारे में रेलवे ने लोगों से अनुरोध किया है वह पांच किलोमीटर घूमकर है। रेलवे के दिए गए वैकल्पिक रास्ते अपूर्ण हैं और कई रास्ते कच्चे हैं, जहां रेलवे की ही बड़ी गाड़ियां चल रही है। लोग अपने समय पर काम पर नहीं पहुंच पाते हैं। घुमाव के कारण पैदल चलने वाले मजदूरों के कार्य छूट गए हैं, जिसका असर उनकी आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है।



### दो पहिया को सुविधा

डीआरएम के पास पहुंचे स्थानीय लोगों ने मांग की है कि अंडरब्रिज में एक ओर बेरीकेट कर पदयात्री, दो पहिया वाहन चालकों को आने जाने की सुविधा दी जाए, अन्यथा अंडरब्रिज का मरम्मत कार्य रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच हो। सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक अंडरब्रिज को लोगों के लिए खोल दिया जाए, जिससे सभी को सुविधा मिलेगा।

# मां-बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बाइक से गिरे व्यक्ति को उठाने के लिए हाथ बढ़ाने वाली महिला के साथ गाली गलौज कर मारपीट करते हुए टोनही कहकर प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के पकड़ में आए आरोपियों में एक महिला भी शामिल है।

**टोनही प्रताड़ना**

घटना तखतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ढनढन का है। जहां प्रार्थिया कदम महादेवा अपने बेटे के साथ रहती है। घटना के अनुसार उनके घर के पास एक बाइक सवार अचानक गिर गया। उसे उठाने के लिए कदम महादेवा आगे बढ़ी थी कि देवेन्द्र बघेल व उसकी मां सुमित्रा बाई आई और गाली गलौज करने लगी। इस दौरान दोनों ने मिलकर प्रार्थिया को डंडे से पीट दिया। एफआईआर के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में पाया गया कि आरोपियों के द्वारा पीड़िता को टोनही बोलकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया है। इस दौरान गवाहों के बयान के आधार पर धारा 4, 5 टोनही प्रताडना अधिनियम 2005 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने मामले में देवेन्द्र बघेल पिता रामेश्वर बघेल उम्र 28 साल व सुमित्रा बाई बघेल पति रामेश्वर बघेल उम्र 49 साल को गिरफ्तार किया है।



# एक-एक फेरे के लिए चलेगी एलटीटी-हावड़ा स्पेशल

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने एक-एक फेरे के लिए एलटीटी से हावड़ा के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने नोटिफिकेश जारी किया है।

ग्रीष्मकालीन छुट्टी के दौरान यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ सुगम एवं आरामदायक सफर की सुविधा देने के लिए एलटीटी से हावड़ा के बीच एक-एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 01145 एलटीटी-हावड़ा स्पेशल ट्रेन एलटीटी से 14 अप्रैल को 20.45 बजे रवाना होकर दुर्ग, रायपुर होकर बिलासपुर 16.45 बजे और 01146 हावड़ा-एलटीटी स्पेशल ट्रेन 16 अप्रैल को 14.45 बजे रवाना होकर बिलासपुर सुबह 3.15 बजे पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में एक एसएलआरडी, एक पावरकार, चार जनरल कोच, तीन स्लीपर कोच, 9 एसी थ्री, दो एसी टू कोच सहित 20 कोच की सुविधा होगी।

### मूक माटी एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त कोच

रेलवे ने मूक माटी एक्सप्रेस में स्थायी रूप से कोच बढ़ाने का निर्णय लिया है। 13 अप्रैल से ट्रेन में कोच की संख्या को 16 से बढ़ाकर 18 किया जाएगा, जिसमें वातानुकूलित चेयरकार एक, द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित एक, तृतीय श्रेणी वातानुकूलित एक, द्वितीय श्रेणी शयनयान एक, द्वितीय श्रेणी आरक्षित सीट चार, सामान्य अनारक्षित आठ, दिव्यांग अनुकूल सह गार्ड एक, जनरेटर कार एक सहित 18 कोच होंगे।

### जूठही समपार फाटक बंद रहेगा 20 तक

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने जूठही समपार फाटक को 20 अप्रैल तक बंद करने का आदेश दिया है। दपूमरे बिलासपुर मंडल के जयरामनगर स्टेशन से लटिया केबिन के बीच स्थित जूठही अंडरब्रिज पर सड़क आवागमन को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए सड़क मरम्मत कार्य प्रगति पर है। कार्य के फलस्वरूप अंडरब्रिज को 25 मार्च से 13 अप्रैल तक सड़क यातायात के लिए बंद रखा गया था, लेकिन कार्य के दौरान कुछ अतिरिक्त तकनीकी कार्य जुड़ने से इस समपार को सड़क यातायात के लिए 20 अप्रैल तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# निगम ने निर्माणाधीन पांच मंजिला भवन को किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के भवन शाखा एवं अतिक्रमण शाखा अमला द्वारा शुक्रवार को अवैध निर्माण के मामले में कार्रवाई की गई। निगम अमला द्वारा वैशालीनगर फेस वन में स्वीकृति के विपरीत पांच मंजिला भवन निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए सील कर दिया है।

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत मैग्नेटो मॉल के पास वैशालीनगर फेस वन में अल्ताफ हुसैन जैदी नामक व्यक्ति द्वारा पांच मंजिला भवन का निर्माण कराया जा रहा है। नगर निगम के भवन शाखा अधिकारी अनुपम तिवारी सहित संबंधित जोन कमिश्नर और अतिक्रमण शाखा का अमला आज मौके पर जांच एवं कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया और निर्माणाधीन भवन को सील कर दिया है। बताया जा रहा है कि इस निर्माणाधीन भवन के संबंध में मोहल्लेवासियों ने शिकायत की थी कि अवैध तरीके से अतिरिक्त निर्माण कराया जा रहा है जिस पर नगर निगम द्वारा भवन मालिक को नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद भी निर्माण कार्य चलता रहा, जिस पर आज कार्रवाई करते हुए भवन को सील कर दिया गया है। भवन मालिक को जितने में निर्माण की अनुमति दी गई थी उससे अधिक निर्माण कराया जा रहा था।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152



## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ महिलाओं को किया गया सम्मानित



**मुंगेली।** चेतना वरिष्ठ महिला संघ की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें 95 वर्षीय वंदना गोवर्धन का सम्मान मुख्य आकर्षण रहा। इनके अलावा विभिन्न क्षेत्रें में उल्लेखनीय कार्य कर रहीं महिलाओं का सम्मान किया गया। प्रारम्भ में अनिता गुप्ता ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी व व्यवसायी श्रीकांत गोवर्धन की माताजी वंदना गोवर्धन का सम्मान अध्यक्ष उमा शर्मा ने किया। साथ ही सचिव मंजू सोलंकी ने शाल व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला का सम्मान कोषाध्यक्ष प्रमिला चौरसिया ने किया, साथ ही पार्षद संगीता साहू का सम्मान किया गया। संघ की सरंक्षक उर्मिला सोनी और सरिता वाजपेयी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी सोनी ने किया। संघ द्वारा हर्षोल्लास के साथ महिला दिवस मनाते हुए महिलाओं के हित में सतत कार्य करते रहने का संकल्प लिया गया।

### नटरंग नृत्य कला प्रतियोगिता में माही को दूसरा स्थान

**मुंगेली।** संगीत कला अकादमी रायपुर द्वारा रायपुर में आयोजित नटरंग नृत्य कला प्रतियोगिता में मुंगेली की



अनिका पाठक माही ने दूसरा स्थान प्राप्त कर नगर व जिले के साथ ही पाठक परिवार को भी गौरवान्वित किया है। इससे पूर्व में भी गत वर्ष रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। लगातार मिल रही सफलताएं उनकी मेहनत और समर्पण को दर्शाती हैं। माही पाठक पंडित सतीश पाठक की सुपुत्री और वरिष्ठ पत्रकार सुनील पाठक की भतीजी हैं। परिजनों एवं ईष्ट मित्रें ने माही की उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

### बजट क्विस्ट के लिए राहुल व अंजनी का चयन

**मुंगेली।** बीआरएसएम कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के




बीटेक चौथे वर्ष के दो प्रतिभाशाली छात्र राहुल बंजारे एवं अंजनी कैवर्त्य का चयन राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित बजट क्विस्ट कार्यक्रम हेतु हुआ है। यह कार्यक्रम 12 एवं 13 अप्रैल को रायपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से चयनित प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला आरक्षण विधेयक पर मॉक संसद, विभिन्न विचार-विमर्श सत्रें में सक्रिय भागीदारी तथा प्रधानमंत्री के साथ विशेष वर्चुअल संवाद जैसे महत्वपूर्ण आयोजन शामिल हैं। यह विद्यार्थियों के लिए सीखने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा अपनी आवाज को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का एक अत्यंत उत्कृष्ट एवं सुनहरा अवसर है। साथ ही, यह मंच छात्रें को राष्ट्रीय स्तर पर अपने विचारों एवं विश्लेषणात्मक क्षमता को प्रदर्शित करने का एक सशक्त माध्यम प्रदान करता है।

### छात्रों को दी गई पॉक्सो एक्ट यातायात नियमों की जानकारी



**लोरमी।** पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि उमेंद साहू ने छात्रावास के विद्यार्थियों को विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने पॉक्सो एक्ट के तहत बच्चों के अधिकारों एवं सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों की जानकारी देते हुए जागरूक रहने की अपील की। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने के महत्व को समझाते हुए सुरक्षित जीवन के लिए नियमों के अनुपालन पर जोर दिया। कार्यक्रम में लोक अदालत के महत्व एवं उसके माध्यम से त्वरित एवं सुलभ न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही नाल्सा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को निशुल्क विधिक सहायता के अधिकार से अवगत कराया गया।

### जिले में पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ

**मुंगेली।** शासन के निर्देशानुसार पोषण अभियान अंतर्गत जिले में 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने आज वेबकास्ट के माध्यम से पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि, पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाना है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने संबंधित अधिकारियों को पोषण अभियान अंतर्गत विविध गतिविधियों के साथ सफल आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजूला शर्मा ने बताया कि, मातृ एवं शिशु पोषण, 3 वर्ष तक के बच्चों के मस्तिष्क विकास हेतु प्रारंभिक उत्प्रेरण, 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों में खेल आधारित शिक्षा, स्क्रीन टाइम कम करने में पालकों और समुदाय की भूमिका तथा सुदृढ़ आंगनबाड़ियों के लिए समुदाय का सहयोग जुटाना आदि थीम पर पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।

## विभिन्न कार्यों का निरीक्षण कर लिया प्रगति का जायजा

# गौरव पथ निर्माण की धीमी प्रगति पर कलेक्टर भड़के, ठेकेदार को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर पालिका में संचालित विभिन्न निर्माण एवं अधोसंरचना कार्यों का कलेक्टर कुन्दन कुमार ने निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन स्विमिंग पूल, नए नगर पालिका भवन हेतु चिन्हांकित स्थल, मुंगेली प्रवेश द्वार, गौरव पथ एवं नालंदा परिसर सहित अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन स्विमिंग पूल के ड्राइंग-डिजाइन एवं इस्टीमेट का अवलोकन कर तकनीकी जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि, छत्तीसगढ़ के अन्य उत्कृष्ट स्विमिंग पूलों का अध्ययन कर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नवीन स्वरूप में निर्माण सुनिश्चित किया जाए। गौरव पथ के कार्य में धीमी प्रगति एवं कार्य रुकने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



उन्होंने स्पष्ट कहा कि, बारिश शुरू होने से पहले सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि आमजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने नालंदा परिसर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर इसकी प्रगति एवं संभावित पूर्णता अवधि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि, नालंदा परिसर के पूर्ण होने से जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उत्कृष्ट वातावरण मिलेगा, जिससे भविष्य में यहां से आईएएस एवं आईपीएस जैसे उच्च पदों के लिए नई राह तैयार होगी।

नए नगरपालिका भवन के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने इसके डिजाइन का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि, भवन का निर्माण भविष्य में नगर निगम बनने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाए। साथ ही शहर में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। मुंगेली प्रवेश द्वार की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित इंजीनियर एवं ठेकेदार को नोटिस जारी करने तथा गेट की गुणवत्ता सुधारने के साथ आसपास की सड़क को तत्काल दुरुस्त करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, प्रवेश द्वार को ऐतिहासिक एवं आकर्षक स्वरूप दिया जाए।

### लोरमी में पर्यटन विकास को लेकर ली बैठक



**लोरमी।** समग्र विकास एवं पर्यटन की अपार संभावनाओं को साकार करने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार ने नगर में बैठक लेकर पर्यटन विकास की दृष्टि से व्यावहारिक एवं प्रभावी योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में पर्यटन के क्षेत्र में जिले को नई पहचान दिलाने तथा नया आयाम देने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में रिसॉर्ट निर्माण, एडवेंचर गतिविधियों के विकास एवं आधुनिक शहरी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान जिले में उपलब्ध प्राकृतिक एवं भौगोलिक संसाधनों का बेहतर उपयोग कर पर्यटन को बढ़ावा देने की संभावनाओं का आंकलन किया गया।कलेक्टर कुन्दन कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि, पर्यटन विकास की दृष्टि से व्यवहारिक एवं प्रभावी योजनाएं तैयार की जाएं, जिससे जिले में रोजगार के अवसर सृजित हों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। बैठक में आर्किटेक्ट आशीष रॉय, मानस हल्दर, अर्बन प्लानर एवं शुभम घाटगे ने अपने तकनीकी सुझाव प्रस्तुत किए।

## नार्को को-आर्डिनेशन समन्वय समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में नशीले पदार्थों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए नार्को को-आडिनेशन की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्टर कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में व्यक्तियों की संलिप्तता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि, इस प्रकार के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग एवं औषधि विभाग की समीक्षा करते हुए मेडिकल स्टोर्स के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने फर्जी मेडिकल स्टोर्स को तत्काल बंद करने तथा लाइसेंसशुदा दवाइयों के स्टॉक की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्कूल एवं कॉलेज के 500 मीटर के दायरे में पान दुकान या मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों पर कोटपा एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज करने, सफेमा एक्ट, कोटपा एक्ट के अंतर्गत की गई कार्रवाई की समीक्षा करने तथा मेडिकल स्टोर्स पर अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी भी ली। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि एनकॉर्ड से संबंधित प्रतिवेदन समय-सीमा में पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

■ कलेक्टर ने की एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों की समीक्षा

## तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से 2 महिलाओं की मौत



**पेंड्रा।** जीपीएम जिले के गौरेला क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं को तेज रफ्तार सर्विसमैन कैम्पर पिकअप वाहन ने रौंद दिया। यह हादसा पेंड्रा-गौरेला बायपास रोड पर आईटीआई के पास हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों महिलाएं रोज की तरह सुबह टहलने निकली थीं। इसी दौरान कोरबा से कटनी कैमूर की ओर जा रहा तेज रफ्तार कैम्पर वाहन अनियंत्रित हो गया और महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकाओं की पहचान सुशीला वर्मा और बेला कली पंसारी के रूप में हुई है। हादसे के दौरान पिकअप वाहन सड़क किनारे खड़ी एक यात्री बस से भी जा टकराया, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद वाहन चालक लल्लू और उसका एक साथी मौके से फरार हो गए। वहीं कैम्पर पिकअप का हेल्पर घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना की सूचना मिलते ही गौरेला पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। आसपास के इलाकों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है और संभावित मार्गों पर नाकेबंदी भी की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बायपास मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त नियंत्रण और नियमित पेट्रोलिंग की मांग की है।

## विधायक मरपच्ची ने विस क्षेत्र के गांवों में किया जनसंपर्क



**गौरेला।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला भाजपा की ओर से आयोजित 'गांव चलो-घर चलो अभियान' के तहत मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने ग्राम चंगेरी, पारसी, करसिंवा, रत्गा, देवगंवा एवं सिलपहरी सहित विभिन्न ग्रामों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। विधायक मरपच्ची ने अभियान के तहत विभिन्न गांवों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और आमजन की समस्याएं सुनीं। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी ली और लोगों को प्रेरित किया कि योजनाओं का लाभ लेकर और भी लोगों को प्रेरित करें। विधायक ने किसानों से उन्नत और परंपरागत जैविक खेती के महत्व को भी समझाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं से जुड़कर किसानों की आय बढ़ाने के लिए भी कहा। विधायक ने बैठक लेकर भी गांव की समस्याओं को जाना और जल्द ही उनके निराकरण का निर्देश और आश्वासन भी दिया।

## हत्या के मामले में सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली




हत्या के मामले में सत्र न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए 5 आरोपियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। फैसला सत्र न्यायाधीश एवं पीठासीन अधिकारी गिरिजा देवी मरावी ने सुनाया। प्रकरण के अनुसार, आरोपी बलराम साहू, चित्र साहू, चिंताराम साहू, कमलेश साहू एवं विनोद साहू ने एक राय होकर रामहेपुर झीरवन निवासी आनंद टोंडे 65 वर्ष के घर में घुसकर उस पर जानलेवा हमला किया था।

जानकारी के अनुसार तिवरा मिसाई के दौरान थ्रेसर से उड़ रही धूल को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसा में बदल गया। आरोपियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों व हाथ-मुक्कों से आनंद टोंडे की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस हमले में मृतक के पुत्र तुलसी उर्फ उसका को भी गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद थाना लोरमी में आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 452, 294, 323, 506 एवं 302 भारतीय दंड संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान मामले में एट्रोसिटी एक्ट की धारा 3(2)(5) भी जोड़ी गई। लोक अभियोजक रजनीकांत सिंह ने मामले में 21 अभियोजन साक्षियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर सशक्त पैरवी की। साक्ष्यों के परीक्षण एवं प्रति परीक्षण के बाद न्यायालय ने आरोपियों को दोषी करार दिया। न्यायालय ने सभी आरोपियों को धारा 148 आईपीसी में एक वर्ष कारावास एवं राशि 500 अर्थदंड, धारा 452 में तीन वर्ष कारावास एवं राशि 500 अर्थदंड, धारा 323/149 में एक वर्ष कारावास एवं राशि 500 अर्थदंड तथा धारा 304(1)/149 में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 अर्थदंड से दंडित किया है।

## जनगणना की तैयारियों के तहत प्रथम का बैच प्रशिक्षण प्रारंभ



**भर्रीडांड़।** जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत प्रथम बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को स्वामी आत्मानंद विद्यालय मरवाही में प्रथम बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में कुल 221 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करना है। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य के दौरान यदि किसी प्रकार की तकनीकी या फील्ड संबंधी समस्या आती है, तो उसे मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से तुरंत दूर किया जाए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना की प्रक्रिया, उसके महत्व और संबंधित जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि, जनगणना महत्वपूर्ण संवेदनशील राष्ट्रीय कार्य है। सटीक जनगणना विभिन्न सरकारी योजनाओं और नीतियों के निर्माण का आधार होता है। मास्टर ट्रेनर्स तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करने की प्रक्रिया सिखा रहे हैं। इसके अंतर्गत डिजिटल माध्यमों का उपयोग, फॉर्म भरने की विधि तथा डेटा संकलन के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया जा रहा है।

## जरहागांव में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का होगा निर्माण

**जरहागांव।** नगर पंचायत अध्यक्ष रूपाली वेद प्रकाश कश्यप के अथक प्रयासों से नगर पंचायत जरहागांव के क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। वार्ड



क्रमांक 13 खसरा में लगभग 2 हजार 500 वर्ग मीटर भूमि पर 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण परियोजना मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत स्वीकृत हुई है, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाया जा सकेगा। अध्यक्ष रूपाली वेद प्रकाश कश्यप ने बताया कि, इस उपकेंद्र के निर्माण से नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली की समस्या में काफी हद तक सुधार आएगा। लो वोल्टेज, बार-बार बिजली कटौती जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल के लिए अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, यह विकास कार्य क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा व आने वाले समय में औद्योगिक एवं घरेलू उपयोग के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए आवेदन 15 तक

**मुंगेली।** जिले में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के विवाह को गरिमापूर्ण एवं सरल बनाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र परिवार 15 अप्रैल 2026 तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि, इस योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहयोग प्रदान कर कन्याओं के विवाह को सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। योजना के अंतर्गत शासन द्वारा 35 हजार रूपए की सहायता राशि के साथ आवश्यक सामग्री भी प्रदान की जाती है, जिससे विवाह बिना आर्थिक बोझ के संपन्न हो सके।

## 70 आवास स्वीकृत, 65 फैसलों से शहर को मिलेगी नई दिशा




**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला में गुरुवार को विकास की ऐसी तस्वीर उभरी, जिसने न केवल आमजन के सपनों को मजबूती दी, बल्कि शहर के भविष्य की दिशा भी तय कर दी। एक ओर जहां प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत 70 हितग्राहियों को अपने आशियाने के निर्माण की औपचारिक मंजूरी मिली, वहीं दूसरी ओर प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक में 65 महत्वपूर्ण एजेंडों पर सर्वसम्मति से निर्णय लेकर विकास की रफ्तार को नई ऊर्जा दी गई। आवास योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष शेख जैनुल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश महिष एवं उप अभियंता कृष्ण नारायण ताम्रकार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे। हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र सौंपते हुए उन्हें शीघ्र निर्माण प्रारंभ कर निर्धारित समयावधि में पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया। यह पहल केवल मकान निर्माण तक सीमित नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## सर्वसम्मति से पारित हुए कई प्रस्ताव

# नपा की बैठक में जन सुविधाओं के प्रस्तावों पर चर्चा



**मुंगेली।** नगर पालिका सभाकक्ष में परिषद की बैठक नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नगर के सभी वार्डों में आंगनबाड़ी भवन एवं शहर के विकास जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की खास बात यह रही कि अधिकांश प्रस्तावों को सदन ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

शहर की अधिकांश आंगनबाड़ियां अपने स्वयं के भवन से वंचित हैं। वर्तमान में ये केंद्र या तो किराए के मकानों में चल रहे हैं या सामाजिक भवनों में संचालित किए जा रहे हैं। इस गंभीर मुद्दे को नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा और वरिष्ठ पार्षद अरविंद वैष्णव ने प्रमुखता से सदन के सामने रखा। उन्होंने मांग की कि शहर के सभी वार्डों में उचित स्थल का चयन कर आंगनबाड़ी के नवीन भवन निर्माण हेतु राज्य सरकार को तत्काल प्रस्ताव भेजा जाए। इस जनहितैषी पहल को सभी ने समर्थन दिया। नगर पालिका सीएमओ होरी सिंह ठाकुर ने आश्वासन दिया कि जल्द ही प्रस्ताव तैयार कर शासन को स्वीकृति हेतु भेज दिया जाएगा। यदि कोई नागरिक या व्यवसायी अपने घर या दुकान के बाहर, सड़क पर या नाली में कचरा फेंकते पाया जाता है, तो उस पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। जुर्माने के साथ-साथ संबंधित व्यक्ति को स्वच्छता बनाए रखने की समझाइश भी दी जाएगी। सदन ने इस प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी है, जिससे आने वाले दिनों में शहर की सफाई व्यवस्था में बड़े सुधार की उम्मीद है। परिषद की बैठक में मवेशी बाजार में प्रत्येक बुधवार को होने वाली वसूली एवं खरीद फरोख्त को तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष मोहन मल्लाह, वरिष्ठ पार्षद अरविंद वैष्णव, पार्षद सूरज यादव, विनय चोपड़ा, अजय साहू, रोशन सोनी, विजय बंजारा, रामकिशोर नारद देवांगन, संजय चंदेल, निमेश देवांगन, जितेंद्र दावड़ा, असलम खान, कुलदीप पाटले सहित नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## केवी की 200 सीटों पर विद्यार्थियों को दिया गया प्रवेश



**मुंगेली।** केन्द्रीय विद्यालय के कक्षा पहली से पांचवी तक के लिए कुल 582 आवेदनों में से 200 सीटों के लिए एवं ऑफलाइन लॉटरी सिस्टम से विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। ग्राम रोहरा में पूर्व में संचालित शासकीय हाईस्कूल में माह 20 अप्रैल से नए सत्र की केन्द्रीय विद्यालय की कक्षाएं प्रारंभ होंगी। जिले में इसी माह नए सत्र में प्रारंभ हो रहे केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए गुरुवार को लॉटरी प्रक्रिया से कक्षा पहली से पांचवी तक के विद्यार्थियों का चयन किया गया। कक्षा पहली के लिए 179 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 40 सीटों पर विद्यार्थियों के प्रवेश के चयन किया गया। दूसरी में 40 सीटों के लिए 126 आवेदन प्राप्त हुए थे, कक्षा तीसरी में 40 सीटों के लिए 110 आवेदन एवं कक्षा चौथी में 40 सीटों के लिए 106 आवेदन एवं कक्षा पांचवी में 40 सीटों के लिए 61 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा एवं डीईओ एलपी डाहिरे, डीएमसी अशोक सोनी, विद्यालय के प्राचार्य रमाकांत कौशिक, शाला स्टाफ दीपक कुमार श्रीवास, हेमंत कश्यप व पालक उपस्थित थे। प्राचार्य रमाकांत कौशिक ने बताया कि, अप्रैल से कक्षाएं प्रारंभ होंगी। उसके लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।